## खबर संक्षेप

### एनीमिया और सिकल सेल से पीड़ित मरीजों से की गई गृहभेंट

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार आयुष विभाग के कर्मचारियों की टीम द्वारा एनीमिया और सिकल सेल से पीड़ित मरीजों के घर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। गृहभेंट के दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत करते हुए आयुष औषधियों के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान चिकित्सकों ने मरीजों को स्वस्थ जीवन शैली, उचित आहार, और औषधीय पौधों के महत्व के बारे में परामर्श भी दिया। मरीजों तथा उनके परिजनों से स्वस्थ जीवनशैली के साथ समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेते रहने का अनुरोध किया गया। गृहभेंट में मरीजों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार आवश्यक औषधियां वितरित की गईं।

### अवैध मत्स्य क्रय-विक्रय की सघन चैकिंग के दौरान 25 किलो मछली जप्त

**मण्डला।** मछली पालन विभाग के दल द्वारा मंगलवार को जगह-जगह अवैधानिक मत्स्य क्रय विक्रय की सघन चैकिंग की गई। बंद ऋतु के दौरान विभागीय दल द्वारा आमानाला बायपास से 25 किलोग्राम मछली जप्त की गई। जिसका मौके पर पंचनामा बनाया जाकर मछली जप्ती एवं नीलामी की गई। नीलामी की राशि 1400 रूपये कार्यालय में जमा कराई गई। उक्त कार्यवाही में मत्स्य निरीक्षक श्री पी.आर. वैद्य, श्री एस.के. भारद्वाज, श्री एस.के. उइके, श्री संजय वरकड़े एवं श्री चमरा लाल भारतीया उपस्थित रहे।

## जिले की बदहाल शिक्षा व्यवस्था के लिये संभागायुक्त भी जिम्मेदार

# नियम विरूद्ध संलग्नीकरण पर उठते सवाल

*** मण्डला से जबलपुर किस आधार पर किये गये संलग्नीकरण।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




जिले की शिक्षा व्यवस्था किस कदर बदहाल है इसे सिर्फ एक उदाहरण से समझा जा सकता है कि जहां जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड मुख्यालयों के समीप स्थित शालाओं में आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश शालायें या तो एक शिक्षकीय हैं या फिर शिक्षकविहीन हैं। कहीं-कहीं एक ही शिक्षक 05 कक्षाओं को एवं सभी विषयों को पढ़ाने के लिये मजबूर है साथ ही साथ उसे जो शासकीय औपचारिकतायें वे भी पूरी करना होती हैं दुनिया भर की जानकारी जो शाला में अध्ययनरत बच्चों से जुड़ी होती हैं उन्हें संकुल केन्द्र या आगे तक पहुंचाना पड़ती हैं ग्रामीण क्षेत्रों में जो शासकीय योजनायें विद्यार्थियों के संचालित हैं उससे संबंधित जानकारियाँ भी उसे संकलित कर आगे भेजना होती हैं। ऐसे में यह तो अनुमान लगाया ही जा सकता है कि इन शालाओं में शिक्षा का क्या स्तर होगा और जो शिक्षक ऐसी परिस्थितियों में यदि ईमानदारी से काम कर रहा है तो उसकी मानसिक दशा क्या होगी वह मानसिक रूप से कितनी प्रताड़ना झेल रहा होगा जबकि जिला मुख्यालयों की शालाओं में 1-1 विषय के 8-8 शिक्षक तक पदस्थ हैं अब ऐसे में बाकी शिक्षक क्या कर रहे होंगे समझा जा सकता है और इनकी मानसिक स्थिति क्या होगी इसे भी समझने में कोई परेशानी नहीं होने वाली।

### संलग्नीकरण का दोषी कौन?

शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की आड़ लेकर जिस तरह शिक्षकों का दूसरी शालाओं में संलग्नीकरण किया गया है उसके पीछे जिले के शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी इन सबका कहीं न कहीं हाथ है और इन सबके साथ संभाग स्तर पर बैठे अधिकारी भी कम दोषी नहीं हैं। क्योंकि पिछले कुछ समय में मण्डला जिले से दूसरे जिलों में भी इन्हीं के द्वारा संलग्नीकरण कर संबंधित शिक्षकों को लाभ पहुंचाया गया जो कि सीधे-सीधे नियम विरूद्ध था और हैरत तो इस बात की कि संलग्नीकरण के जो आदेश संभाग स्तर से जारी हुये उन्हें संबंधित शिक्षकों द्वारा हाथों-हाथ लाकर सिर्फ संबंधित शाला में दिया गया। आदेश में जो विभिन्न अधिकारियों एवं संस्थाओं तक प्रतिलिपि जाती है उसका उल्लेख तो होता था लेकिन वे प्रतिलिपियाँ भेजी नहीं जाती थी। लगभग 30 संलग्नीकरण मण्डला जिले से जबलपुर नगर में शिक्षकों के किये गये जिनके कमोवेश ऐसे ही आदेश जारी किये गये थे जब मीडिया में हल्ला मचा तो इनमें से आधे तो आदेश वापिस ले लिये गये लेकिन अभी बहुत से शिक्षक मण्डला से जबलपुर में संलग्न हैं जबकि उनका वेतन मण्डला से ही निकल रहा है।

कमोवेश यही स्थिति छात्रावास अधीक्षकों की पदस्थापना में हुई है जहां जिस स्तर के शिक्षकों को अधीक्षक के पद के लिये पात्र माना गया है उसे दरकिनार करते हुये प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को भी छात्रावास अधीक्षक बनाने में कोई गुरेज नहीं किया गया। नियम तो है कि कोई भी छात्रावास अधीक्षक 03 वर्ष से ज्यादा पदस्थ नहीं रह सकता लेकिन बहुत से छात्रावास ऐसे भी हैं जहां 8-8 वर्षो से एक ही व्यक्ति इन पदों पर काबिज है। अब यह कैसें हो पा रहा है यह बताना तो कोई मुश्किल नहीं कि नगद-नारायण की कृपा से ही यह संभव हो पा रहा है और यह कृपा जहां जिले के अधिकारियों की कृपा से बरस रही है तो वहीं संभाग के अधिकारी भी इस तरह के आर्शीवाद देने में जरा भी पीछे नहीं हैं।

इसका प्रत्यक्ष प्रमाण पिछले दिनों संभाग के एक बड़े अधिकारी के यहां पड़े छापे से उजागर हुआ है जब उनके यहां जिस तरह की संपत्ति पाई गई वह कल्पना से परे थी और मण्डला से संबंधित संपत्ति भी इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि मण्डला की बदहाल व्यवस्था में उनका भी योगदान रहा है।




## उप संचालक कृषि ने किया अंजनिया और घुघरी का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया जा रहा है जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। खाद के भंडारण हेतु जिला प्रशासन कृषि विभाग, मार्कफेड एवं सहकारी समितियां सतत प्रयासरत है। अधिकारियों द्वारा लगातार मार्कफेड गोदामों, सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि अश्वनी झारिया ने अंजनिया सोसायटी का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि अंजनिया सोसायटी में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं थी। तात्कालिक व्यवस्था करते हुए संदीप खाद भंडार से पीओएस मशीन अंजनिया सोसायटी में जाकर टेंपरेरी काउंटर बनाया गया, किसानों को यूरिया खाद का वितरण किया गया। इसी कड़ी में उप संचालक कृषि ने घुघरी सोसायटी का औचक निरीक्षण करते हुए निजी एवं सोसायटी को निर्देशित किया कि यूरिया खाद का वितरण पीओएस मशीन के द्वारा ही करें।

घुघरी के निजी विक्रेता नंदकिशोर अग्रवाल से 100 बैग यूरिया मोहगांव समिति को प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है तथा प्रत्येक किसानों को बिल प्रदाय करने के निर्देश दिए। अनुदानित यूरिया 266.50 रूपये से अधिक मूल्य पर विक्रय न किया जाए। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुये 5 बैग प्रति हेक्टेयर किसान को देने हेतु निर्देशित किया गया है।



## खनिज रेत में संलिप्त 2 ट्रेक्टर जप्त



**मण्डला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में प्राप्त शिकायत के आधार पर महाराजपुर में खनिज रेत में संलिप्त वाहन ट्रेक्टर एमपी 51 एए 6478 एवं एक अन्य बिना नंबर सोनालिका ट्रेक्टर को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया। संलिप्त वाहनों को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में थाना प्रभारी महाराजपुर की सुपुर्दगी में दिया गया है। वाहनों के विरुद्ध म.प्र. खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

## जिला पंचायत में एक दिवसीय पंचायत उन्नति सूचकांक कार्यशाला आयोजित हुई



**मण्डला।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम की अध्यक्षता में पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0-2.0 प्रचार-प्रसार विषय पर कार्यशाला जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। कार्यशाला में ग्राम पंचायतों के लिए समग्र, समावेशी और सतत विकास, पंचायत उन्नति सूचकांक में ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन को एक मानकीकृत स्कोर के रूप में मापना, पंचायतों को देय संचालित निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना, सतत विकास के लक्ष्यों का स्थानीयकरण थीम पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कमलेश तेकाम, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सावित्री धूमकेती, श्रीमती झरिया, शकुन जंघेला, श्रीमती गीता मरावी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनोद मरावी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती उर्मिला मरावी, समन्वयक मो. नजीम खान, सहायक परियोजना अधिकारी श्री कपिल तिवारी उपस्थित थे।

## गोंड़ी चित्रों से सजेगी भाई की कलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मंडला जिले के नैनपुर विकासखंड की तिलई और कामता ग्राम पंचायतों के स्वयं सहायता समूह की आदिवासी महिलाओं ने मिलकर गोंड़ी रक्षा सूत्र नाम से एक अनूठी पहल की। यह सिर्फ एक उत्पाद नहीं बल्कि उनकी मेहनत, सांस्कृतिक विरासत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इस पहल के तहत महिलाओं ने गोंड़ीकला से सजे खूबसूरत राखी गिफ्ट हैम्पर तैयार किए हैं। इन हैम्पर्स में हाथों से बनी गोंड़ी चित्रकारी वाली राखियाँ और रुमाल शामिल हैं। ये राखियाँ सिर्फ धागों का समूह नहीं, बल्कि भाइयों के लिए प्यार और परंपरा का एक अनमोल उपहार हैं।

### स्वाद और संस्कृति का संगमः महुआ लड्डू

इस हैम्पर की सबसे खास बात है इसमें शामिल शुद्ध महुआ लड्डू। ये लड्डू मंडला जिले की महिलाओं की मेहनत और संस्कृति का स्वाद है। पारंपरिक तरीके से महुआ के सूखे फूलों को धोकर, सुखाकर और पीसकर, देशी घी, गुड़ व सूखे मेवों के साथ मिलाकर स्वादिष्ट लड्डू बनाए जाते हैं। ये लड्डू न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि कैल्शियम, आयरन और प्राकृतिक शर्करा से भी युक्त होते हैं।

यह पहल इन महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है और साथ ही उनकी पारंपरिक कला को एक नई पहचान दे रही है। 350 रुपये की कीमत वाला यह गिफ्ट हैम्पर न केवल एक खूबसूरत तोहफा है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता और सांस्कृतिक संरक्षण का एक बेमिसाल उदाहरण है।

**आयोजन** | **प्रतिदिन 2-3 पुर्ण्याजक विधान में सौधर्म इंद्र बनकर कर रहे अभिषेक पूजन।**

# 16 दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन





*** रात्रि में 48 दीपकों से श्री भक्तामर जी का पाठ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दिनांक 25 जुलाई 2025 से 10 अगस्त 2025 तक 16 दिवसीय श्री शांतिनाथ विधान अनुष्ठान चल रहा है प्रतिदिन 2-3 पुर्ण्याजक विधान में सौधर्म इंद्र बनकर अभिषेक पूजन पाठ सायंकाल आचार्य भक्ति श्री भक्तामर जी का पाठ 48 दीपकों से आरती भजन प्रवचन आदि के कार्यक्रम चल रहे हैं। इसी श्रंखला में कल दिनांक 05/08/2025 बुधवार को सुबह 7:30 बजे से आर्यिका मां विमल मति माता जी ससंघ के सानिध्य व आर्शीवाद से आदरणीय बाल ब्र. अभय भैया ,व बाल ब्रह्मचारी राकेश भैया जी के निर्देशन में विधान प्रवचन चल रहा है। प्रातः पाठशाला के बच्चों को पूजन का अवसर प्राप्त हुआ। रात्रि में श्री भक्तामर जी पाठ के पश्चात अगले दिन सुगंध दशमी 48 दीपम प्रज्वलित करके मनाया गया समाज में सभी परिवार सभी इसलिए सभी पुरुष (कुर्ता पजामा में आए) महिलाएं बहन बेटियां मेंहदी के कार्यक्रम में शामिल हुईं। सभी महिलाए लाल साड़ियां पहनकर आई मेंहदी लगाने वाले लगवाने वाले भी आए। साथ ही भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। आर्यिका माँ ने विधान की महिमा बताते हुए राजा भद्रवाहु यशोधर मुनिराज बारह भावनाओं चौसठ रिद्धि सोलह कारण भावनाओं का चिंतन रामचन्द्र सीता कामदेव हनुमान आदि की महिमा का वर्णन किया धर्म की महिमा बताई दीक्षा दिवस की भी महिमा बताते हुए कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के बाद यह पहला चार्तुमास मंडला में हो रहा है सन 2000 में भी मंडला मे ही इस संघ का चार्तुमास हुआ था उन्होंने कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं इसलिए अपने जीवन में गुरु का होना बहुत आवश्यक है। जैसे हमे आचार्य भगवन मिल गए तो हमें अपनी आत्मा का ज्ञान हो गया हमें हमेशा अपने गुरु के प्रति बडे जनों के प्रति अकाट्य श्रद्धान होना चाहिए। पहले तो मुनि दीक्षा मात्र होती थी लेकिन अब आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने आर्यिका दीक्षा देना प्रारंभ किया और सबसे बडी ब्रह्मचारिणी मणि बाई जी रत्ती बाई कंचन बाई जी इन सभी दीदी जी को बहुत अच्छी शिक्षा गुरुजी ने दी ये दीदीयां रत्न के रूप में समाज की स्तंभ का काम करती थीं और फिर बहनों का शिक्षि संस्कार देकर हम सभी ब्रह्मचारिणी संचालिका बहनों को आर्यिका बनने का अवसर मिला नहीं तो हम भी घर गृहस्थी में फसे होते। इस असार संसार में भटक रहे होते। आर्यिका मां ने कहा गुरुवर बडी बाईजी को आर्यिका मेकर कहते। गुरुजी का हाइकू (सुविचार) है भगवान के दर्शन से पाप कटते इसलिए सभी की भगवान की भक्ति आराधना करना चाहिए। श्री नेमिनाथ भगवान के जन्म तप कल्याणक महोत्सव को भी बहुत अच्छे से मनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री नेमिनाथ भगवान का नेमि कुमार से दीक्षा तक का राग से वैराग्य की ओर नाटिका की सुंदर प्रस्तुति महिला मंडल वालिका मंडल जैनम आदि के द्वारा की गई। अक्षय दशमी पर कथा का वाचन हुआ। सुबह पूजन पाठ अभिषेक विधान हवन और रात्रि में 48-48 दीपकों से श्री भक्तामर जी का पाठ प्रत्येक परिवार के प्रत्येक सदस्य ने स्वयं घर से दीपक लाकर दीप प्रज्वलित किये। महाआरती भजन संध्या का कार्यक्र भी हुआ।

## घुघरी में आयोजित हुई जल गुणवत्ता परीक्षण कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं पीएचई के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज भास्कर मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सभागार घुघरी में जल गुणवत्ता परीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री भावना भातृवंशी की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्कशॉप में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मंडला द्वारा ब्लॉक घुघरी की 47 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों को पानी गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में श्री उमा गणेश लोधी द्वारा फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पानी में उपलब्ध 10 प्रकार के तत्वों फ्लोराइड, पीएच, आयरन, नाइट्रेट, अमोनिया, क्लोराइड, टर्बिडिटी, अल्कालिनिटी, हार्डनेस एवं क्लोरीन की जांच करना सिखाया गया। साथ समस्त ग्राम पंचायतों के पेयजल स्त्रोतों के पानी की जांच हेतु विभाग द्वारा फील्ड टेस्ट किट, जीवाणु परीक्षण हेतु एच 2 एस वॉयल्स एवं पानी के उपचार हेतु जर्मेक्स वितरण किया गया। प्रशिक्षण में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सहायक यंत्री श्री अभय कुमार जोशी, विकासखंड समन्वयक श्री नीलम पटेल, हैंडपंप टेक्नीशियन श्री अनिल उईके, श्री परमानंद मर्सकोले, श्री चंद्रभान मार्को एवं सभी सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अजंदा में गोली चलने की खबर ने फैलाई सनसनी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। समीपस्थ सांईखेड़ा थाना के अंतर्गत ग्राम अजंदा में बीते हुये दिनों एक युवक को बंधक बनाते हुये की गई मारपीट की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जिस तरह उसके द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन करते हुये की गई आत्महत्या के उपरांत पुलिस द्वारा आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसके चलते गांव का महौल बिगड़ते हुये दिखाई देने लगा है। इस तरह जहर खाने के बाद मृत हुये युवक के दाह संस्कार के ठीक दूसरे दिवस जिस तरह आरोपित पक्ष के एक व्यक्ति के ऊपर गोली चलने की खबर जब फैली तो क्षेत्र में सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया है..? वही दूसरी ओर लोगों द्वारा गोली की खबर की सच्चाई को लेकर अनेक प्रकार की चर्चाये करते हुये देखे जा रहे है..? इस तरह गोली चलने की खबर के बाद ग्राम अजंदा में भारी पुलिस बल तैनात होने की खबर मिल रही है। वही गोली कांड की सांईखेड़ा पुलिस द्वारा बारीकी के साथ जांच करते हुये घटना की सच्चाई का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है..?

### चीचली थाना क्षेत्र के गांव गांव चल रहे शराब के अवैध कारोबार से राह भटक रही युवा पीढ़ी

हरिभूमि न्यूज/ चीचली। जिस प्रकार से कुछ वर्ष पहले प्रदेश के तत्काली मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की है कि प्रदेश को शराब मुक्त किया जाएगा तथा म.प्र. में अब एक भी नई मदिरा दुकान नहीं खोली जाएगी? इस घोषणा के बाद उन परिवारों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई देने लगी थी जो सिर्फ शराब के कारण ही बर्बाद हो रहे है ओर इस बात से इंकार भी नही किया जा सकता है कि इस घोषणा पर उनके द्वारा अमल करते हुए प्रदेश में किसी भी से नई शराब की दुकानों को शुरू नही होने दिया गया था? मगर जिस प्रकार से शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित शराब दुकाने संचालित हो रही है उन पर अंकुश न लगने का परिणाम है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में शराबियों की संख्या में जहां लगतार बढ़ोत्तरी होते हुये देखा जा रहा है, वही दूसरी ओर युवा पीढी भी इसकी चपेट में आने से बर्बादी की कगार पर पहुंचती हुई दिखाई दे रही है। इस बात की सच्चाई इस समय चीचली क्षेत्र के अनेक गांवों में बिक रही अवैध शराब को देखकर आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है कि प्रदेश के मुख्मंत्री की घोषणा के अनुसार नई शराब दुकाने भले ही नही खुली हो मगर इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र के गांवों अघोषित शराब दुकानों का संचालन चल रहा है उसके चलते क्षेत्र की पूर्ण सुख शांति को ग्रहण लगने से नही बच पा रहा है? वही दूसरी ओर देखने मिल रहा है कि गांव गांव हो रही शराब की अवैध विक्री के चलते जहां युवा पीढ़ी के चपेट में आने के कारण उनका भविष्य तो खराब तो हो ही रहा है साथ ही साथ वही मजदूर बर्ग के लोग भी इसे शराब की चपेट में आने से नही बच पा रहे है जो दिन भर मेहनत करते हुए पैसा कमा कर लाते है और शाम को शराब में खर्च कर देते है। इस स्थिति के चलते उनके परिवारों में आये दिन विवाद का कारण बनने से नही चूकता है। क्योंकि पहले देखा जाता था कि शराब की विक्री सिर्फ शहरों में होने के कारण उस तक पहुंचने में लोगों को देर लगती थी। मगर अब गांव गांव किराना दुकानों के समान खुली शराब की अवैध दुकानों के चलते लोगों को आसानी से शराब उपलब्ध होने के कारण जहां गांवों में झगड़ा व अन्य अपराधिक घटनाएं घटित होना आम बात होती चली जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो सड़क दुर्घटनाओं से लेकर अन्य अपराधिक घटनाओं में शराब का प्रमुख कारण ही सामने आता है। इस प्रकार से क्षेत्र के गांवों में चल रहे शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में पुलिस की असफलता संपूर्ण क्षेत्र की शांति व्यव्स्था को भंग करते हुए देखी जा रही है? क्योंकि कहा जाता है कि कोई भी अवैध कारोबार बगैर पुलिस की मिलीभगत व सहमति के संचालित होना नामुकिन होता है यदि इस बात की सच्चाई पर गौर किया जावे तो गांवो में जिस प्रकार से खुलेआम बिक रही अवैध शराब का मलतब क्या निकाला जा सकता है, यह बात शायद समझने में कोई संदेह पैदा नही हो सकता है।

बारिश के पूर्व संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम

# राष्ट्रीय स्तर मार्ग सहित क्षेत्र की सड़कों पर बने गड्ढे जानलेवा होने लगे साबित





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां एक ओर क्षेत्र में लगातार लग रहे बड़े उद्योगों व अन्य प्रकार के बढ़ रहे परिवहन का परिणाम है कि क्षेत्र की सड़के लगातार दुर्दशा की शिकार होने से नही बच पा रही है। हैरत की बात है कि इस ओर न तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही संबंधित विभाग से लेकर प्रशासन द्वारा जिसके चलते क्षेत्र से निकला हुआ प्रदेश स्तर का मार्ग से लेकर क्षेत्र के अनेक गांवों को पहुंचने वाले इन सड़को पर निकल रहे गड्ढे जहां जान लेबा साबित होने के साथ साथ इन मार्गो पर आये दिन वाहन पलटने की घटनाएं आम बात हो चुकी है। मुख्य रूप से देखा जावे तो प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर को को प्रदेश की राजधानी भोपाल से जोड़ने वाला राष्ट्रीय स्तर का गाडरवारा पिपरिया तथा गाडरवारा से सांईखेड़ा होते हुये उदयपुरा भोपाल जाने वाला मार्ग इस समय पूर्णरूप से दुर्दशा का शिकार हो चुका है। यह बात अलग है कि कुछ माह पूर्व सुधार कार्य के नाम पर औपचारिकता जरूर निभाई गई थी। मगर उस पर पुनः निकल रहे गड्ढे आम लोगों के लिये खतरे की घंटी बजाने से नही चूक पा रहा है..? कुछ इसी प्रकार का हाल क्षेत्र के अन्य जगहों पर पहुंचने मार्गो का देखने मिल रहा है। सच्चाई पर गौर किया जावे तो यही हाल इस समय गाडरवारा से सांईखेडा के बीच राज्य स्तर के मार्ग का भी देखने मिल रहा है। क्योंकि इस मार्ग पर निकल रहे गड्ढे जहां आये दिन अपना रूप बड़ा करते हुये देखे जा रहे है। इसी का परिणाम है कि आये दिन इस मार्ग पर वाहन पलटने की घटना तो आम बात हो चुकी है। इस सच्चाई को स्थानीय मीडिया द्वारा लगातार उजागर करने के बाद भी न तो संबंधित विभाग द्वारा ध्यान दिया गया और न ही क्षेत्र के जिम्मेदारों द्वारा जिसके चलते चल रही बारिश के सीजन में इस मार्ग से वाहनों के माध्यम से निकलना खतरे से खाली नही बचा है। इस समय गाडरवारा से सांईखेड़ा की ओर जाने वाले इस राज्य स्तरीय मार्ग पर अनेक जगह सड़क के बीचों बीच निकल रहे गड्ढे की स्थिति इस प्रकार से बनी चुकी है कि वहां से वाहनों का निकल पाना मुश्किल हो रहा है। कुछ इसी तरह की कहानी गाडरवारा कौड़िया के बीच देखी जा रही है। मगर प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के चलते आमजन अपनी जान खोजिम में डालकर यात्रा करने के लिये मजबूर हो गया है। इन मार्गो से जहां अनेक स्कूली बसों के आलवा क्षेत्र के छात्र छात्राओं का भी मोटर साईकिल व साईकिलों से प्रतिदिन आना जाना होता है। इस स्थिति में मासूम बच्चों की जान भी खतरे से खाली दिखाई देने से नही चूक पा रहा है..? यह बात अलग है कि अभी तक क्षेत्र में बारिश का दौर में कुछ दिनों से रूकावट देखने मिल रही है। मगर जब आने वाले दिनों में बारिश रूद्र रूप धारण करते हुये शुरू होगी तो इन गड्ढे में पानी भर जाने के कारण वाहन चालकों को जब गड्ढा दिखाई नही देगा और उनका वाहन इस गड्ढे में घुस जाने के कारण निश्चित ही किसी बड़ी घटना घटित होने के साथ साथ वाहन चालको की जिन्दगी खतरे में पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? इस प्रकार से प्रदेश स्तर के मार्ग से लेकर क्षेत्र के गांवों को पहुंचने वाले इन मार्गो के बीचों बीच निकल रहे इस गड्ढे की सच्चाई को लेकर स्थानीय स्तर के अखबरों से लेकर सोशल मीडिया पर लगातार उजागर किये जाने के बाद भी संबंधित विभाग से लेकर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही देना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है।



## पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर दो युवकों के पास से जप्त की गई दो देशी पिस्टल सहित जिंदा कारतूस



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

अवैध कारोबार में लिप्त रहने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा लगातार मुहिम चलाते हुये कार्यवाही करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। वही दूसरी आने वाले रक्षा बंधन के त्यौहार को लेकर पुलिस द्वारा संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम में शामिल एस आई अर्जुन के आलवा सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा ,प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत,संजय डोंगरे,आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बालकृष्ण रघुवंशी,सौरभ मिश्रा, प्रदीप गुप्ता,सोहेब खान,सुजीत बागरी, हरिशंकर,देवेन्द्र सोनवंशी द्वारा गस्त की जा रही थी तो पुलिस टीम को सोयाबीन प्लाट के पास एक युवक संदिग्ध स्थिति में दिखाई देने पर जब पुलिस द्वारा युवक को पकड़ते हुये उससे पूछताछ किये जाने पर युवक द्वारा अपना नाम रवि पिता राम शंकर राजपूत उम्र 25 साल निवासी ग्राम महुंआखेड़ा थाना सांईखेड़ा बताया गया। पुलिस द्वारा जब पकड़े गये युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से पुलिस को अवैध रूप से रखे हुये एक लोडेड देशी पिस्टल तथा जिन्दा कारतूस मिला। इसी प्रकार से कुछ दूरी पर आजाद ढावा के समीप एक युवक को संदेह के आधार पर पकड़ते हुये उससे पूछताछ किये जाने पर युवक ने अपना नाम रोहित पिता खुमान सिंह राजपूत उम्र 23 साल निवासी ग्राम मेहरगांव जिला रायसेन बताया गया। वही जब पुलिस द्वारा इस युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से भी पुलिस को एक लोडेड देशी पिस्टल सहित जिन्दा बुलेट नुमा जिन्दा कारतूस पाये जाने पर पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के पास से अलग अलग अवैध रूप से रखे हुये दो देशी पिस्टल व जिन्दा कारतूस जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्त के तहत मामला कायम कर गिरप्तार करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है कि वह इस तरह क्षेत्र में अवैध रूप से हथियार लेकर किस कारणों से घूम रहे थें। इस तरह पुलिस द्वारा क्षेत्र में अलग अलग स्थानों अवैध रूप से पिस्टल लेकर घूमते हुये संदिग्धो को पकड़ने में सफलता तो हासिल कर ली गई ळे7 मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि यदि यह आरोपी समय रहते हुये पुलिस की पकड़ में नही आये होते तो निश्चित तौर से किसी बड़ी अप्रिय घटना को अंजाम देने में सफल हो सकते थें..? इस तरह पकड़े गये आरोपियों के संबंध में पुलिस का कहना है कि इनका पूर्व से ही पुलिस थानों में अपराधिक रिकार्ड दर्ज है। इस तरह क्षेत्र में जिस तरह बाहरी लोग हथियार लेकर घूमते हुये दिखाई दे रहे है उसके चलते क्षेत्रवासियों में दहशत का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा है..?

# बेटियाँ लक्ष्मी का स्वरूप होने के साथ नगर की शान व सम्मान होती है - मिश्रा






हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

नगरपालिका अध्यक्ष पं शिवाकांत मिश्रा ने स्थानीय पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह में शिक्षा विभाग की योजना के तहत साइकिलों का वितरण करने के दौरान बोले की आज मुझे बडी खुशी हो रही है कि रक्षा बंधन पर्व के पहले मेरे नगर की लक्ष्मी स्वरूपा बेटियों को साईकिले प्रदान करने का अवसर मिला है। क्योंकि बेटी लक्ष्मी का स्वरूप होने के साथ अपने घर व नगर की शान तथा सम्मान होती है। इस दौरान मिश्रा द्वारा बेटियों के बीच बैठकर उनसे पढ़ाई संबंधित चर्चा करते हुये कहा कि अब वह स्कूल साईकिलों से आना जाना करेगी। इस दौरान यदि उन्हें नगर में कही किसी परेशानी हो रही हो तो वह सीधे मुझसे मेरे फोन पर संपर्क कर सकती है। उनकी मदद के लिये उनका भाई तत्पर मौजूद रहेगा। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से कहा कि हमें विश्वास है कि हमारे बच्चे मन लगाकर पढ़ेंगे एवं परिवार समाज व क्षेत्र के साथ हमारे नगर का नाम रोशन करते हुए देश को उन्नति की दिशा में लेकर जाएंगे। इस अवसर पर नपा सभापति आनंद दुबे, सेवानिवृत प्राचार्य आरती पाठक, श्रीमति प्रीति नीखरा ने सम्बोधित करते हुए छात्राओं के अनुशासन को सराहा एवं गुरुजनो के मार्गदर्शन मे बेहतर शिक्षा लेने के लिये जागरूक किया गया। कार्यक्रम मे अतिथियों मे प्रमुख रूप से श्रीमति बसंती पालीवाल, पार्षद शुभम राजपूत, रोहित पगारे, कपिल घारु, अमृतांशु कोरी सहित सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे एवं बीआरसी संदीप स्थापक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## परमार्थ सेवा के लिये बसेड़िया द्वारा आयोजित कराया गया असंख्य चार दिवसीय रूद्री निर्माण



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहुंचान बना चुके समाज सेवी मुकेश बसेड़िया की भूमिका धार्मिक कार्यक्रम में भी पीछे नही रहती है। इस तरह चल रहे श्रावण मास के दौरान उन्होंने परमार्थ सेवा के तहत नगर के गायत्री मंदिर में चार दिवसीय असंख्य रूद्री निर्माण का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि हर साल की भांति इस साल भी बसेड़िया द्वारा स्थानीय गायत्री मन्दिर परिसर में चार दिवसीय असंख्य रुद्री निर्माण, रुद्राभिषेक, सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा रुद्री निर्माण के प्रथम दिवस गाय पूजन तथा कन्याओं के पद पखारकर उन्हें वस्त्र, शिक्षण, पठन लेखन सामग्री सहित आर्कषक स्कूल बैग प्रदान किये। द्वितीय दिवस के अनुष्ठान का शुभारंभ कर्मकांड़ी ब्राह्मण जनो के पद पखारकर उन्हें भेंट प्रदान कर आशीर्वाद लेकर किया गया। इसी दिन शहर के पचास निराश्रित असहाय वृध्दजनो को वस्त्र, मच्छरदानी , कंबल अन्य प्रकार की सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही आयोजन के दौरान प्रतिदिन प्रसिद्ध कथाव्यास आचार्य पं. प्रवीण व्यास द्वारा पारिवारिक मूल्यों की पाठ शाला शिव परिवार पर प्रवचन दिये जा रहे है। गायत्री परिवार के परिव्राजक मूलचंद पटेल द्वारा संस्कारो पर व्याख्यान व अनुष्ठान आचार्य पं. अमित चौबे द्वारा पूर्ण वैदिक विधि विधान से रुद्राभिषेक कराया जा रहा है। आयोजन को लेकर मुकेश बसेड़िया द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि यह आयोजन माँ विजयासन , श्री दादाजी की असीम कृपा से विगत 10 वर्षों से लगातार करते चले आ रहे है।

### डोला बाबा स्कूल में मनाया गया हरियाली महोत्सव



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। बुधवार को स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला डोलाबाबा में हरियाली महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री सीमा डोंगरे एवं बीआरसी संदीप स्थापक मौजूद रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरस्वती माता की पूजन एवं सरस्वती वंदना की गई। इस आयोजन मे छात्र-छात्राओं द्वारा फल सब्जी एवं कुछ पेड़ पौधे बनकर एवं आदिवासी नृत्य झिंगालाला में अपनी अपनी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी को वृक्षारोपण करने,पर्यावरण की जानकारी एवं बचाव की बातें बताई गई। इस मौक्रे पर सुश्री डोंगरे एवं स्थापक द्वारा कुछ आवश्यक जानकारी एवं निर्देश दिए गए एवं मध्यान्ह भोजन का भी निरीक्षण किया गया तथा। वही प्रधान पाठक श्रीमती रीता राज ,श्रीमती कल्पना पिपरोनिया, श्रीमती मालती शर्मा ,श्रीमती दशोदा अहिरवार एवं श्रीमती किरण दुबे के सहयोग रहा। इस कार्यक्रम मे श्रीमती कल्पना पिपरोनिया द्वारा विद्या का वृक्ष उन्हें भेंट किए गये।

## पौधें के साथ प्लेटफार्म भी हो रहे हैं गायब, हर वर्ष लाखों खर्च होने के बाद भी दर्शन नहीं दे रहे पेड़

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। राष्टीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत क्षेत्रवासियों की उम्मीद थी कि इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत मे लगाए जा रहे पेड़ों से क्षेत्र हरित जिले मे स्थान पा सकेगा। लेकिन आलम यह है कि लगाए गए पेड़ तों गायब ही है साथ ही उनके लिए बने प्लेट फार्म भी लगभग गायब होते जा रहे है। इस सच्चाई को देखते हुये क्षेत्रवासियों का यह समना ग्राम पंचायतों के पिछली पंचवर्षीय के दौरान सरपंच, सचिवों एवं योजना को लागू करने वाले अधिकारी एवं उपयांत्रियों की मनमानी की भेंट चढ़ गया है? जानकारी के अनुसार क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में वर्तमान समय तक बमुश्किल 20 प्रतिशत भी पेड़ सुरक्षित नही मिल पायेगे? अधिकतर ग्राम पंचायतों का हाल यह है कि लगभग सारे पेड़ सूख चुके है और उनके लिए बनाए गए प्लेटफार्म टूटकर विखरने लगे है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायतों मे ग्रामीणों को काम देने और हरियाली बढ़ानें के उद्देश्य से बड़ी संख्या मे पेड़ लगाए गए थे, जिसके लिए करोड़ो रूपये का बजट खर्च किया गया है। वही इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत मे वृक्षारोपण, वृक्षों की सुरक्षा एवं सिंचाई पर लगभग लाखो रूपये की राशि खर्च की जा चुकी है, लेकिन इस खर्च का कोई मतलब नही दिखाई दे रहा है? बीते हुए वर्षो में इस योजना के अंतर्गत तहसील के लगभग प्रत्येक ग्राम पंचायतों मे पौधें लगाने के लिए राशि उपलब्ध कराई गई थी। वही ट्री गार्ड के निर्माण कार्यों में अनेकों ग्राम पंचायतो मे जो गफलत बाजी बरती गई है जिसका जीता जागता उदाहरण जनपद पंचायत चीचली, सांईखेड़ा व चावरपाठा की अनेक ग्राम पंचायत में आसानी से देखने मिल सकता है जहां पर बीते हुये पांच वर्षो के कार्यकाल के दौरान जहां हरित क्रांति के नाम पर लाखो रूपया खर्च होने के बाद भी हरियाली कोसो दूर तक नजर नही आ रही है? इस सब में हैरत की बात तो यह है कि क्षेत्र के आला अधिकारी भी इस विषय की जानकारी रखते हुये भी इस ओर कड़े कदम उठाने की बजाय चुप्पी साधें हुये है? यह ग्राम पंचायतों के माध्यम से बीते हुये पांच वर्ष के कार्यकाल में पौधा रोपण के नाम पर जो राशि खर्च की गई है उसकी निष्ठा के साथ जांच की जावे तो निश्चित ही अनेक पंचायतों के सरपंचों की सच्चाई उभरकर सामने आने से नही बच पायेगी?

# साइड सोल्डर के अभाव में आये दिन हो रही सड़क दुर्घनाओं के बाद भी प्रशासन की चुप्पी पर सवाल...



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। कहने के लिये तो हमारे क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का मार्ग निकला हुआ है, मगर इस मार्ग की अनदेखी का परिणाम है कि जब कोई इस मार्ग से निकलता है तो बदहाल सड़क के नाम से क्षेत्र का संपूर्ण देश में नाम उजागर होने से नही चूकता है और यहां से निकलने वाले हर व्यक्ति द्वारा निश्चित तौर से यही बात कही जाती हो कि अब वह भूलकर भी कभी गाडरवारा क्षेत्र की ओर रूख नही करेगा? क्योंकि बदहाल हो चुकी सड़क का आलम इस तरह से देखा जाता है कि बारिश का दौर शुरू होते ही इस मार्ग के साइड सोल्डर नही होने से आये दिन वाहनों को सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हुये देखा जाता है। इस सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी न तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई ध्यान दिया जाता है और न ही अधिकारियों के द्वारा जिसका परिणाम इस मार्ग से निकलने वाले लोगों के साथ साथ क्षेत्र की जनता को भोगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। यदि क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो उनकी भूमिका मात्र क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पत्रचार तक सीमित होकर रह चुकी है? इस तरह गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाले राष्ट्रीय स्तर के मार्ग की हालत इस तरह बन चुकी है कि सड़क के दोनों ओर साइड सोल्डर नही होने से जहां वाहनों को दुर्घटना ग्रस्त होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस उस समय देखने मिली जब पिपरिया से गाडरवारा आ रहा एक भारी भरकम ट्रक सालीचौका व बेलखेड़ी के बीच सड़क साइड सोल्डर के कारण अचानक चारो खाने चित्त होकर पलट जाने से ट्रक चालक व परिचालक बाल बाल बचे। मगर इस घटना में आर्थिक क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। वैसे भी देखा जावे तो यह अभी बारिश ने अपना सही रूप नही दिखाया है। जब क्षेत्र में घनघोर बारिश का दोर शुरू होगा तो इस तरह की घटनाएं प्रतिदिन देखने मिलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## लटकते बिजली तारों से घटित हो सकती है किसी दिन बड़ी घटना



हरिभूमि न्यूज/ सडूमर । जहां एक ओर आये दिन देखा जाता है कि बिजली विभाग द्वारा गांवों में किसानों सहित अन्य उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल अदा नही किये जाने के नाम पर जिस प्रकार से बसूली करते हुए उन्हें अपमानित करते हुए जबरन घरों में रखे हुए समान की जप्ती तो की जाती है, मगर वही दूसरी ओर गौर करने वाली बात तो यह है कि जिस तरीके से बिजली विभाग द्वारा बिल बसूरी का तरीका अपनाया जाता है क्या उस तरीके से लोगों को बिजली उपलब्ध कराये जाने के साथ साथ उन्हें बिजली तारों से होने वाली घटनाओं की क्षति का सहयोग प्राप्त किया जाता है? क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि बिजली विभाग द्वारा गांवो के साथ साथ किसानों के खेतों में बिजली सप्लाई हेतु जो बिजली लाईने खीची गई है उनका वर्षो से सुधार कार्य नही किये जाने तथा उनका रख रखाब नही होने के कारण जहां तारों ने झूला का रूप धारण कर लिया गया है और आये दिन देखा जाता है कि जब हवा चलती है तो यह झूलते हुए तार एक दूसरे से टकरा जाने के कारण चिंगारी छोडते है जिसके चलते जहां गांवों में किसी बड़ी घटना घटित होने की आंशका बनी रहती है? वही दूसरी ओर अनेको बार तो देखा जाता है कि किसानों के खेतो से निकली हुई बिजली लाईनों से निकलने वाली चिंगारी के चलते किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसले भी जलकर खाक होने से नही बच पाती है, इस स्थिति में शायद ही बिजली विभाग द्वारा किसी किसान को आज तक कोई सहयोग के रूप में राशि उपलब्ध कराई गई हो? मगर सिर्फ किसान द्वारा उपयोग की जाने वाली बिजली बिलों की बसूली के नाम पर जरूर किसानों को परेशान किया जाता रहता है, इतना ही नही गांवों में निकली हुई बिजली लाईन की स्थिति तो इस प्रकार से बनी हुई है कि आये दिन उसमें चिंगारी देखने मिलती, मगर इस ओर न तो बिजली विभाग ध्यान देता है और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जिसके चलते आम लोगों की जान खतरे में पड़ने के साथ साथ क्षेत्र के किसानों को हर वर्ष भारी क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जाता है।

## खबर संक्षेप

### एवरेडी का मुनाफा 3% बढ़कर 30 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** बैटरी एवं अन्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत बढ़कर 30.23 करोड़ रुपये रहा है। एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड ने कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 29.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### पावर फाइनेंस के मुनाफे में 25 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 8,981 करोड़ रुपये रहा है। पीएफसी के एकीकृत शुद्ध लाभ में यह वृद्धि मुख्य रूप से उच्च शुद्ध ब्याज आय के कारण हुई है। पीएफसी ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 7,182 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### सोने में 200 और चांदी में 500 रुपए का उछाल



**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की तरफ से लगातार खरीदारी किए जाने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले बाजार सत्र में 98,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### पीवीआर आईनॉक्स का घाटा कम होकर 54.5 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** मल्टीप्लेक्स कंपनी पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 54.5 करोड़ रुपये रह गया। अच्छी विषय-वस्तु वाली फिल्मों की वजह से दर्शकों की संख्या में वृद्धि और राजस्व में बढ़ोतरी के कारण कंपनी का घाटा कम हुआ। पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड ने शेयर बाजार यह जानकारी दी।

### पिडिलाइट का पहली तिमाही मुनाफा 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** फेविकॉल बनाने वाली कंपनी पिडिलाइट इंडस्ट्रीज का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18.7 प्रतिशत बढ़कर 678.13 करोड़ रुपये रहा है। पिडिलाइट इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 571.27 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

### ईआईडी पैरी का मुनाफा 464.46 करोड़ रुपए

**चेन्नई।** चीनी निर्माता- ईआईडी पैरी (इंडिया) लिमिटेड का अप्रैल-जून, 2025 तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 464.46 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। विविधीकृत समूह मुरुगप्पा समूह का हिस्सा, इस कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 225.87 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। ईआईडी पैरी (इंडिया) लिमिटेड ने यहां बयान में कहा कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में उसकी एकीकृत शुद्ध मुनाफा 1,772.54 करोड़ रुपये रहा है।

# आनंद राठी समेत 5 कंपनियों के आईपीओ को सेबी ने दी मंजूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पर पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो खबर आपके लिए है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 5 कंपनियों के आईपीओ को मंजूरी दे दी है। इनमें से एक कंपनी आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स भी है। आनंद राठी ग्रुप की कंपनी है, जो शेयर ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म है। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स के अलावा प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स, एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया, गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी और ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज के आईपीओ लांच होने वाले हैं। इन पांचों कंपनियों ने इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए थे।

- प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स, गुजरात किडनी, ईपैक प्रीफैब का आईपीओ होगा लांच

## आनंद राठी का आईपीओ 745 करोड़ रुपए के फ्रेश इश्यू पर आधारित होगा

### तीन अन्य कंपनियों का क्या है प्लान

एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया की बात करें तो 550 करोड़ रुपये का आईपीओ 300 करोड़ रुपये के नए शेयरों और 250 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश में विभाजित है। ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज 300 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी जबकि उसके प्रवर्तक एक करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। यह राशि राजस्थान और आंध्र प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना, विस्तार और कर्ज भुगतान में लगेगी। गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी का आईपीओ 2.2 करोड़ शेयरों के नए इश्यू पर आधारित होगा। इससे जुटाई गई राशि अस्पताल अधिग्रहण, वडोदरा में नई इकाई और रोबोटिक उपकरणों की खरीद में इस्तेमाल होगी।



### वर्किंग कैपिटल के लिए इस्तेमाल होगी राशि

प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स की इकाई प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स 2,700 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आएगी। इसमें 1,700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल होगी। आनंद राठी ग्रुप की ब्रोकरेज इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का आईपीओ पूरी तरह से 745 करोड़ रुपये के फ्रेश इश्यू पर आधारित होगा। इससे जुटाए गए 550 करोड़ रुपये वर्किंग कैपिटल और सामान्य खर्चों के लिए इस्तेमाल होंगे।

### ब्लूस्टोन ज्वेलरी आईपीओ 11 अगस्त को खुलेगा

अपने प्रमुख ब्रांड 'ब्लूस्टोन' के तहत समकालीन आभूषण पेश करने वाली कंपनी, ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल ने अपने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए 492 रुपये से 517 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। एक बयान के अनुसार, कंपनी का आईपीओ 11 अगस्त से 13 अगस्त तक बिक्री के लिए खुला रहेगा। इस आईपीओ में 820 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 720.65 करोड़ रुपये मूल्य के 1,39,39,063 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## आरबीआई प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा

# मृतकों के खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाएगा आरबीआई

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक मृतकों के बैंक खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा। इस पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के नामांकित व्यक्तियों के पक्ष में दावों के निपटान की प्रक्रिया को सरल बनाना है। मल्होत्रा ने कहा कि इसके अलावा, केंद्रीय बैंक, आरबीआई 'रिटेल-डायरेक्ट' मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना बना रहा है ताकि खुदरा निवेशक व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से ट्रेजरी बिल (सरकारी प्रतिभूति) में निवेश कर सकें।

### 1949 के प्रावधानों के तहत नॉमिनी की सुविधा उपलब्ध

गवर्नर ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा, ''हम मृतकों के बैंक खातों और लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान की प्रक्रिया को मानकीकृत करने के लिए कदम उठा रहे हैं। इससे निपटान अधिक सुविधाजनक और सुगम होने की उम्मीद है। बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत, जमा खातों, लॉकर में रखी वस्तुओं के संबंध में 'नॉमिनी' की सुविधा उपलब्ध है।

*पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के पक्ष में निपटान प्रक्रिया सरल बनाना*

*रिटेल-डायरेक्ट मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना*

### ग्राहकों की मृत्यु पर शीघ्र निपटान होगा

आरबीआई के विकासात्मक और नियामक नीतियों पर बयान के अनुसार, इसका उद्देश्य ग्राहक की मृत्यु होने पर दावों का शीघ्र निपटान या वस्तुओं की वापसी या सुरक्षित जमा लॉकर की सामग्री को वापस दिलाना तथा परिवार के सदस्यों को होने वाली कठिनाई को कम करना है।





*दावों के शीघ्र निपटान की सुविधा मिलेगी : मौजूदा निर्देशों के अनुसार, बैंकों को 'नॉमिनी' व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारियों के किए गए दावों के शीघ्र और परेशानी मुक्त निपटान की सुविधा के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभिन्न बैंकों में ये प्रक्रियाएं अलग-अलग होती हैं।*

*नॉमिनी के खाते व लॉकर के लिए सभी बैंकों की अपनी प्रक्रियाएं : वर्तमान में, मृतक के 'नॉमिनी' व्यक्ति द्वारा खाते और लॉकर से संबंधित दावों के संबंध में सभी बैंकों की अपनी प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं। इसी प्रकार, बिना 'नॉमिनी' वाले खातों के लिए बैंकों की प्रक्रियाओं में कुछ भिन्नता हो सकती है। इस कदम से प्रक्रिया मानकीकृत और सरल होगी। आरबीआई ने ट्रेजरी बिल (टी-बिल) में निवेश के संबंध में कहा कि इससे निवेशक अपने निवेश की व्यवस्थित योजना बना सकेंगे।*

### खुदरा निवेशकों को गिल्ट खाते खोलने की सुविधा मिलेगी

रिटेल डायरेक्ट में टी-बिलों के लिए एक स्वतः 'बिडिंग' सुविधा शुरू की गई है, जिसमें निवेश और पुनर्निवेश दोनों विकल्प शामिल हैं। इसने कहा कि इस सुविधा से निवेशकों को ट्रेजरी बिल की प्राथमिक नीलामी में बोलियां लगाने में मदद मिलेगी। 'रिटेल डायरेक्ट पोर्टल' नवंबर, 2021 में रिटेल डायरेक्ट योजना के तहत रिजर्व बैंक में खुदरा निवेशकों को अपने गिल्ट खाते खोलने की सुविधा प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था।

### जल्द जारी किया जाएगा परिपत्र का मसौदा

आरबीआई के अनुसार, ''ग्राहक सेवा मानकों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और बैंकों को प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों को मानकीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में एक परिपत्र का मसौदा जल्द ही सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया जाएगा।''

# महिंद्रा 23,000 कर्मचारियों को 500 करोड़ रुपए के 'ईसॉप' देगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल के तहत महिंद्रा एंड महिंद्रा लगभग 23,000 कर्मचारियों के लिए एकमुश्त कर्मचारी शेयर स्वामित्व योजना (ईएसओपी) शुरू कर रही है। इनमें कारखाने में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं।

यह योजना कंपनी की वृद्धि यात्रा में कर्मचारियों के योगदान के लिए उन्हें पुरस्कार देने को शुरू की जाएगा। महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) अनीश शाह ने यह जानकारी दी। शाह ने साक्षात्कार में बताया कि इस पहल में महिंद्रा की तीन प्रमुख अनुषंगी कंपनियां - महिंद्रा एंड महिंद्रा (वाहन और कृषि क्षेत्र), महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल और महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी शामिल हैं। यह अपनी तरह का शायद पहला उदाहरण है, जब किसी बड़े भारतीय समूह ने सभी कर्मचारियों को ईसॉप की सुविधा दी है। ये शेयर प्रतिबंधित शेयर इकाइयों (आरएसयू) के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे इस बात की बहुत खुशी है और मुझे हमारी कंपनी की संस्कृति पर बहुत गर्व है क्योंकि ये ईसॉप कंपनी के प्रत्येक कर्मचारी के लिए हैं। यह वास्तव में कृतज्ञता का प्रतीक है, क्योंकि उनके प्रयासों से हमें बहुत अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली है।'




- उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल
- कारखाने में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल

### समूह का बाजार पूंजीकरण 12 गुना बढ़ा

शाह ने बताया कि इस विविधीकृत समूह का बाजार पूंजीकरण अप्रैल, 2020 से 12 गुना बढ़ा है, और समूह को लगा कि कर्मचारियों के योगदान को स्वीकार करना जरूरी है। समूह में कम से कम 12 महीने की सेवा वाले स्थायी पेरोल कर्मचारी ईसॉप पाने के पात्र होंगे।

# व्हाट्सएप का नया सुरक्षा फीचर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

त्वरित संदेश मंच व्हाट्सएप ने एक नया 'सेफ्टी ओवरव्यू' फीचर पेश किया है, जो उपयोगकर्ताओं को उन ग्रुप के बारे में सतर्क करेगा जिनमें उन्हें किसी अनजान व्यक्ति ने जोड़ा है। व्हाट्सएप ने एक बयान में कहा कि इस टूल के जरिये उपयोगकर्ता को संबंधित ग्रुप के बारे में अहम जानकारी और सुरक्षित बने रहने से जुड़े सुझाव भी मिलेंगे। बयान के मुताबिक, यदि उपयोगकर्ता चाहे तो वह अलर्ट मिलने के बाद उस ग्रुप को देखे बिना ही उससे अलग हो सकता है। इसके अलावा उपयोगकर्ता उस ग्रुप में बने रहने की जब तक खुद पुष्टि नहीं करेगा, उस ग्रुप को भी 'म्यूट' रखा जाएगा। इसके साथ ही व्हाट्सएप ने कहा कि वह उन मामलों में भी चेतावनी देने के उपाय खोज रहा है जब कोई उपयोगकर्ता अपनी संपर्क सूची से बाहर के किसी व्यक्ति के साथ बातचीत शुरू करता है।

- अनजान ग्रुप में जोड़ने पर करेगा आगाह

*धांधली के लिए चैटजीपीटी का उपयोग : इस नेटवर्क ने धांधली के लिए चैटजीपीटी से संदेश तैयार कर उपयोगकर्ताओं को व्हाट्सएप से टेलीग्राम पर भेजा, जहां उन्हें टिकटॉक वीडियो पर लाइक करने जैसे फर्जी काम दिए जाते थे और फिर क्रिप्टो निवेश के लिए पैसे मांगे जाते थे।*

## भारत फोर्ज के लाभ में 63 फीसदी की इजाफा




**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा कंपनी भारत फोर्ज का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 63 प्रतिशत बढ़कर 284 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 174 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। भारत फोर्ज ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि हालांकि, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 3,958 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,158 करोड़ रुपये थी।

# एनएसडीएल में सूचीबद्धता के दिन 17 प्रतिशत की तेजी

**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) का शेयर बुधवार को अपनी बाजार सूचीबद्धता के दिन शानदार शुरुआत करते हुए निर्गम मूल्य के मुकाबले 17 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। बीएसई पर एनएसडीएल के कारोबार की शुरुआत 880 रुपये प्रति शेयर के भाव पर हुई, जो 800 रुपये के निर्गम मूल्य से 10 प्रतिशत अधिक है। कारोबार के दौरान एक समय यह 943.85 रुपये प्रति शेयर तक पहुंच गया, जो 18 प्रतिशत की बढ़त को दर्शाता है। हालांकि कारोबार के अंत में एनएसडीएल का शेयर 17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 936 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

*41 गुना अधिक अभिदान मिला : इसके साथ ही कंपनी का कुल बाजार मूल्य 18,720 करोड़ रुपये रहा। एनएसडीएल के 4,011 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन 41 गुना अभिदान मिला था। इसका मूल्य दायरा 760-800 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।*

# स्थिर रेपो दर से बाजार को मिला सहारा, सेंसेक्स 166 अंक फिसला

- बाजार में शुरुआती तेजी कायम नहीं रह पाई
- आईटी और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में रही बिकवाली



एजेंसी ▸▸ मुंबई

द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती तेजी बरकरार नहीं रह पाई और बीएसई सेंसेक्स 166 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से लगातार दूसरे दिन बाजार नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 261.43 अंक तक गिर गया था।सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 शेयरों में 18 नुकसान में रहे जबकि 12 शेयरों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 110.35 अंक तक टूट गया था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका की चेतावनी से उपजे व्यापार तनावों के बावजूद घरेलू बाजार जुझारू बना रहा और निफ्टी 24,500 अंक के प्रमुख समर्थन स्तर के आसपास मजबूती से टिका रहा। हालांकि औषधि क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा और इस क्षेत्र पर शुल्क चेतावनियों का असर दिखा।''

### अल्ट्राटेक सीमेंट रहा नुकसान में

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मास्युटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, आईटीसी और एलएंडटी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### एसबीआई रहा लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

### ब्रिटानिया का क्षेत्रीय कंपनियों से मुकाबला

**नई दिल्ली।** बेकरी उत्पाद बनाने वाली दिग्गज कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा है कि वह कुछ इलाकों में क्षेत्रीय कंपनियों की चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ये क्षेत्रीय कंपनियां आक्रामक मूल्य निर्धारण और वितरकों के लिए उच्च मार्जिन के साथ बड़े ब्रांडों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह 'छोटे क्षेत्रों में कई लड़ाइयां लड़ने' के लिए पूरी तरह तैयार है, और इसके लिए उसने एक विशेष कोष भी बनाया है। कंपनी ने हाल में जिंस मुद्रास्फीति के प्रभाव से बचने के लिए कीमतों में वृद्धि की है और अब वह 'अच्छी स्थिति' में है। ब्रिटानिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक वरुण बेरी ने बुधवार को वित्तीय नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि ब्रिटानिया छोटी कंपनियों के साथ मुकाबला करने के लिए कुछ खास क्षेत्रों में अतिरिक्त खर्च करने को भी तैयार है। बेरी ने कहा, ''हम अच्छी स्थिति में हैं। हमने अपने लिए एक विशेष कोष भी बनाया है, ताकि जरूरत पड़ने पर हम कुछ खास क्षेत्रों और राज्यों में विशिष्ट कंपनियों के खिलाफ खर्च कर सकें। इसलिए हम क्षेत्रीय स्तर पर कई लड़ाइयां लड़ने जा रहे हैं।'' ब्रिटानिया के पास मैरीगोल्ड, टाइगर, न्यूट्रीचॉइस और गुड डे जैसे लोकप्रिय घरेलू ब्रांड हैं।

## जैक मा की कंपनी ने समूची हिस्सेदारी बेच दी

# पेटीएम अब पूरी तरह से भारतीय कंपनी, चीनी स्वामित्व समाप्त

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का स्वामित्व अब पूरी तरह से भारतीयों के हाथ में है। करीब नौ साल पहले पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने साक्षात्कार में कंपनी के स्वामित्व ढांचे के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा था, '' हम मारुति जितने ही भारतीय हैं। यह कथन जिसे कभी प्रतीकात्मक माना जाता था, अब वास्तविकता को दर्शाता है जहां पेटीएम अब भावना और शेयरधारिता दोनों ही दृष्टि से पूरी तरह से भारतीय कंपनी बन गई है। उद्योगपति जैक मा की कंपनी एंट फाइनेंशियल ने डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी समूची 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3,980 करोड़ रुपये में बेच दी है। सौदे की रूपरेखा से अवगत एक व्यक्ति ने कहा, '' पेटीएम अब टाटा की तरह ही भारतीय है।'' यह परिवर्तन एंटफिन (नीदरलैंड) होल्डिंग बी वी के हाल ही में बाहर निकलने के साथ आधिकारिक हो गया, जिसने एक थोक सौदे के माध्यम से पेटीएम में अपनी शेष 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 3,800 करोड़ रुपये में बेच दी। इसके साथ ही कंपनी में चीनी स्वामित्व शून्य हो गया है, जो इसकी शेयरधारिता में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। विजय शेखर शर्मा ने 2016 में भारत की विकास गाथा के प्रति पेटीएम की गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी।

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धिपत्र संख्या 31/2025
निविदा सं. 40252744 जिसके खुलने की तिथि 25/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/88/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी इसमें निम्न संशोधन किए गए है– **Tender No. & short Description:** 40252744 **Description:** वाल्व रेगुलेटेड लीड एसिड बैटरी, **Tender Opening Date: Existing Value:** 70AH,110V, Valve Regulated Lead Acid% A0 (VRLA) Sealed Mantenance Free (SMF) battery (9 Nos x 12v) as per RDSO Spec No. RDSO / PE / SPEC / AC/0009-2014 (Rev 2), **Modified Value:** 70AH,110V,Valve regulated Lead Acid (VRLA) Sealed Maintenance Free (SMF) battery (9 Nos x 12V) as per RDSO Spec. No. RDSO/PE/SPEC/ AC/0009 2014 (Rev 2) अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. देखें।
(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

खंड - I
ई - निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन
कार्यालय वनमण्डल अधिकारी उत्तर (सा.) वनमण्डल बालाघाट मध्य प्रदेश

ई - निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/05/ई-टेंडरिंग/2025-26 — बालाघाट, दिनांक 01-08-2025

1. वनमण्डल अधिकारी उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित - 2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | IS Specification | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GALVANIZED STEEL BARBED WIRE TYPE A-1-THE BARBS SHALL HAVE FOUR POINTS ANDSHALL BE FORMED BY TWISTINGTWO POINT WIRES EACH TWO TURNS,TIGHTLY AROUND BOTH THE LINE WIRES MAKING ALL TOGETHER FOUR COMPLETE TURNS LINE WIRE 2.5MM, POINT WIRE 2.5 MM DISTANCE BETWEEN TWO BARBS 75 MM, CONFORMING TO IS- 278:2009 | IS 278:2009 | ₹ 135000/- | 2000/- Tax extra |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय बेवसाई www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 02-08-2025 बजे 10:00 PM से दिनांक 18-08-2025 बजे 11:00 AM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 13-08-2025 समय 02:00 PM को उप वनमण्डल कार्यालय उकवा (सा.) उप वनमण्डल बालाघाट में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है। 5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं। 6.ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट
G-16778/25

# निजी स्कूलों के विरोध के बीच बोले स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह, नियमों से कोई समझौता नहीं, पालन करना ही होगा, वरना मान्यता होगी रद्द

## बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी, क्योंकि हर जगह सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मान्यता नियमों को लेकर निजी स्कूलों के विरोध के बीच अब स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के एक बयान से हड़कंप मच गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने स्पष्ट किया है कि नियमों से कोई समझौता नहीं होगा। नियमों का पालन करना ही होगा, वरना मान्यता रद्द कर दी जाएगी। अगर स्कूल फिट नहीं हैं तो उनकी मान्यता रद्द की जा रही है। या तो नियमों का पालन होगा या फिर अव्यवस्था को मंजूरी देनी पड़ेगी और यह संभव नहीं। यह डॉ. मोहन यादव की सरकार है, यहां नियम-कायदों से ही चलना पड़ेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी बच्चे की पढ़ाई नहीं रुकेगी, क्योंकि हर जगह सरकारी स्कूल मौजूद हैं।

दरअसल, विधानसभा में मीडिया से चर्चा के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहले कहा जाता था कि शिक्षा विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। अब जब हम ध्यान दे रहे हैं, तो सभी नियमों का पालन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई स्कूल मान्यता के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए। ऐसे मामलों में बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक साल की सशर्त मान्यता दी गई है। हमने कहा है कि आप एक साल में सभी मानक पूरे करें। लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अगले साल मान्यता नहीं मिलेगी। मंत्री ने कहा कि हम अतिरिक्त समय दे सकते हैं, लेकिन गलत तरीके से स्कूल संचालन की अनुमति नहीं देंगे।

**यह मोहन यादव की सरकार है, यहां नियम-कायदों से ही चलना पड़ेगा: मंत्री सिंह**

कई स्कूल मान्यता के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए

ऐसे मामलों में बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक साल की सशर्त मान्यता दी गई




### 4,820 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया

प्राइवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच सहित अन्य निजी स्कूल संगठन नए नियमों का विरोध लगातार रहे हैं। इसको लेकर निजी स्कूल संचालक 74 बंगला स्थित शिक्षा मंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शन भी कर चुके हैं। मंच के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष तिवारी के मुताबिक, नए नियम अव्यवहारिक है। 4,820 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया। इससे करीब 60 हजार शिक्षक बेरोजगार हो सकते हैं और आरटीई के तहत पढ़ने वाले सवा लाख से ज्यादा गरीब बच्चों की पढ़ाई खतरे में है। संचालकों के अनुसार, सबसे बड़ी समस्या रजिस्टर्ड किरायानामा है। मकान मालिक इसके लिए तैयार नहीं हैं या फिर किराया और एडवांस बढ़ाने की शर्त रख रहे हैं। इसके अलावा, सुरक्षा निधि और भारी-भरकम मान्यता शुल्क ने भी छोटे स्कूलों की परेशानी बढ़ा दी है।

## राजनीति के पंडित थे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारका प्रसाद मिश्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व द्वारका प्रसाद मिश्र की जयंती पर मंगलवार को विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में श्रद्धेय द्वारका प्रसाद मिश्र का योगदान सदैव याद किया जाएगा। उन्हें राजनीति का पंडित कहा जाता था। पूर्व मुख्यमंत्री पंडित मिश्र ने तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के साथ अपने दल का नेतृत्व किया और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्रियों को पुष्पांजलि अर्पित करने की परंपरा शुरू करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर बधाई के पात्र हैं। इस परंपरा से प्रदेश की सेवा करने वाले तत्कालीन महापुरुषों के कल्याणकारी कार्यों को नमन किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंह सिंघार सहित उपस्थित मंत्री परिषद् के सदस्यों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।



## विधायक झूमा सोलंकी ने जनसंपर्क राशि लैप्स होने का मुद्दा उठाया, मामले में कार्य एवं शाखा प्रभारी इरशाद सुखी, सहायक ग्रेड 3 का निलंबन, कुछ को नोटिस





विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक झूमा सोलंकी ने उनके विधानसभा क्षेत्र के लिए आवंटित जनसंपर्क की राशि के लैप्स होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क राशि लैप्स हो जाने में जिन लोगों की वास्तविक जवाबदारी है, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने पूछा कि अब वह राशि दोबारा मिल पाएगी या फिर नहीं मिलेगी। इस पर राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने जवाब में कहा कि मामले में कार्य एवं शाखा प्रभारी इरशाद सुखी, सहायक ग्रेड 3 का निलंबन हुआ था। तत्कालीन जिला योजना अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, जिला योजना अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी किया गया था। आगे भी जांच कर लेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के प्रभारी मंत्री को इस पर ध्यान देना चाहिए। किंतु इस पर वे ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले में खरगोन के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग को भी घेरा। इस पर सारंग ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। इस मामले में विधायक से चर्चा कर आगे की कार्रवाई करेंगे।

## ग्वालियर किला हमारा स्वाभिमान का प्रतीक: डॉ. पाण्डेय

जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने मंगलवार को विधानसभा में ग्वालियर किले और प्रदेश की अन्य ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन पर ध्यानाकर्षण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर किला केवल एक किला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। यदि इसे व्यावसायिक दृष्टि से होटल में बदला गया तो हमारी विरासत को क्षति पहुंचेगी। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि इन ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से युवा अपने इतिहास को जानकर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने सरकार से प्रदेश के धरोहरों का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किए जाने का अनुरोध किया।



### *ग्वालियर किले में नहीं खुलेगा होटल*

*विधायक अभिलाष पांडे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि ग्वालियर किला प्रदेश की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है और उसकी ऐतिहासिकता को अक्षुण्ण बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में ग्वालियर किले में निजी होटल खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है।*

## खनिज मद से मिलने वाली राशि पर सदन में कांग्रेस सदस्यों ने किया शोर-शराबा





विधानसभा में प्रश्नकाल में बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी की विधायक गंगा उईके ने खनिज मद से होने वाले विकास कार्यों का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि जिले को खनिज मद से किनी राशि मिली है और उससे किन क्षेत्रों में कितने के विकास कार्य कराए गए। उन्होंने 15 करोड़ रुपए से विकास कार्य कराने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद दिया। इस मुद्दे पर कांग्रेस सदस्यों ने शोर मचाया। कांग्रेस का कहना था कि इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए कि किसे, कितनी राशि दी गई है। एमएसएमई मंत्री चेतन काश्यप ने कहा कि हल्ला करने की जरूरत नहीं है। बैतूल जिले को रायल्टी की 58 करोड़ रुपए की राशि मिलती है। इस राशि से विकास कार्य कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव आते ही विकास कार्य कराया जाएगा। दरअसल, घोड़ाडोंगरी से भाजपा विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने खनिज मद से आवंटित फंड के मामले में जानकारी मांगी थी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में 15 करोड़ रुपए से काम करने की भी जानकारी दी थी। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधायक के 15 करोड़ रुपए के काम से संबंधित मामले का जवाब दिया जाना चाहिए। इसके बाद सदन में शोर-शराबे की स्थिति बन गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि सवाल के जवाब में कहा गया है कि खनिज मद से कार्य किए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं है तो क्या डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड से राशि देने पर रोक लगा दी गई है, यह स्पष्ट किया जाए। जवाब में मंत्री काश्यप ने कहा कि डीएमएफ राशि जिले में अलग से खर्च की जाती है। रॉयल्टी की राशि राज्य स्तर पर आती है और राज्य के अंदर बजट के प्रावधान के अनुसार उसका वितरण होता है।

## कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने महिला एवं बाल विकास विभाग में पदोन्नति का मामला उठाया

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने महिला और बाल विकास विभाग में 15 साल से सहायक ग्रेड 3, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी परेशान हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झूठी व गलत जानकारी दी जा रही है। सहायक ग्रेड तीन के दो हजार कर्मचारियों को उनका लाभ नहीं मिल रहा है। जवाब में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जो जानकारी दी गई है, वही पूरी तरह से सही है। कोई भी झूठी जानकारी नहीं दी गई है। क्रमोन्नति की समस्त कार्रवाई जिला कार्यालय से की जाती है। इस ग्रेड के शत प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाते हैं। उन्होंने कहा कि वैसे भी अभी प्रमोशन पर कोर्ट से स्टे है। जब इस मामले में अंतिम निर्णय होने के बाद ही इस पर कुछ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विभाग में सहायक ग्रेड दो के कुल पदों की संख्या 384 है, इसमें से 257 पद रिक्त है। जबकि सहायक ग्रेड तीन में संधारण जिलो से होता है। उन्होंने कहा कि डिटल जानकारी सदस्य को पहले ही दिया जा चुका है।

### आदिवासी और पिछड़े क्षेत्र के लोगों को बना रहे शिकार

# मानव तस्करी के छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे मामले

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

मानव तस्करी, विशेषकर आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में, सालों से राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। बेरोजगारी और बेहतर अवसरों की तलाश में होने वाला प्रवासन इस समस्या को और भी जटिल बना रहा है, जिससे तस्करों को अपना जाल फैलाने का मौका मिल रहा है। वे आदिवासी और पिछड़े क्षेत्र के लोगों को टारगेट कर रहे हैं।

राज्य में वर्ष 2023 से फरवरी 2025 तक मानव तस्करी के करीब 39 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इनमें से कुल पीड़ितों की संख्या 66 है, जबकि मामले में 83 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मानव तस्करी से जुड़े जानकारों का कहना है कि सरगुजा, जशपुर, कोरबा, बलरामपुर और बस्तर जैसे सीमावर्ती जिलों में तस्करी की घटनाएं अधिक होती हैं। इन



क्षेत्रों में बेरोजगारी और प्रवासन की प्रवृत्ति अधिक होने के कारण तस्कर आसानी से झांसे में लेने में सफल हो जाते हैं। इनमें से अधिकांश पीड़ित नाबालिग लड़कियां और महिलाएं हैं, जिन्हें बहला-फुसलाकर दूसरे राज्यों में घरेलू काम, जबरन श्रम या यौन शोषण के लिए भेजा गया है।

### 63 हजार से अधिक लोगों ने किया प्रदेश से प्रवासन

कामकाज की तलाश में राज्य से बड़ी संख्या में लोग पलायन करते हैं। आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक राज्य से 63 हजार से अधिक लोगों ने प्रवासन किया है। इनमें सबसे अधिक संख्या बलौदाबाजार जिले की है। यहां से करीब 13 हजार 200 लोग कामकाज की तलाश में अपना गांव छोड़कर अन्य राज्यों में गए हैं। ज्यादातर प्रवासन जशपुर, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायपुर, महासमुंद, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान जैसे जिलों से होता है। पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैकिंग यूनिट की सक्रियता से कई मामलों में पीड़ितों की घर वापसी हुई है। कई आरोपितों की गिरफ्तारी भी हुई है, लेकिन आंकड़े यह भी बताते हैं कि मानव तस्करी का नेटवर्क अब भी जमीनी स्तर पर काफी मजबूत है और एजेंट आज भी गांवों में सक्रिय होकर यह काम कर रहे है।

## नक्सली ढेर, हथियार समेत शव बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏩ बीजापुर

बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में गंगालूर इलाके के जंगल में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के जवानों के बीच मुठभेड़ हो रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि बीजापुर के पश्चिमी डिवीजन क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी, जिसके बाद जवानों को नक्सल ऑपरेशन के लिए भेजा गयाृ। जवानों और माओवादियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ चल रही है।

अब तक के ऑपरेशन में एक नक्सली ढेर हुआ है। मुठभेड़ स्थल से जवानों ने मारे गए नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है। उसके साथ ही हथियार भी मिला है। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ अभी चल रही है इसलिए अभियान में शामिल जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती।

### एनटीपीसी: अचानक टूट गया प्लेटफॉर्म!

# 60 टन टैंक की चपेट में आकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

जिले के सीपत स्थित एनटीपीसी प्लांट में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यूनिट-5 में चल रहे एनुअल मेंटेनेंस के दौरान एयर प्री हीटर का प्लेटफॉर्म अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इसके नीचे 60 टन वजनी ऐश टैंक था, जो सीधे नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिर पड़ा।

हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान पोड़ी गांव निवासी घनश्याम साहू (27 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय यूनिट में बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे, जिनमें से कई अब भी मलबे के नीचे दबे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद एनटीपीसी प्रशासन, स्थानीय पुलिस, फायर



ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं। युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया गया। शाम तक कुल पांच मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला गया, जिनमें एक की मौत हो चुकी है। चार घायल मजदूरों में एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। इधर, जैसे ही हादसे की जानकारी ग्रामीणों को मिली, बड़ी संख्या में मजदूरों के परिजन और स्थानीय लोग एनटीपीसी गेट के बाहर जमा हो गए। परिजनों का आरोप है कि प्लांट प्रबंधन उन्हें किसी भी तरह की जानकारी नहीं दे रहा है। लोग रोते-बिलखते गेट के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। कई लोगों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया है, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई है। भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि घटना यूनिट-5 में हुई है, जहां मेंटेनेंस का काम चल रहा था। इसी दौरान एयर प्री फिल्टर का प्लेटफॉर्म अचानक टूटकर गिर गया। नीचे मौजूद मजदूर इसकी चपेट में आ गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। इस हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ सप्ताह पहले मुंगेली जिले के सरगांव में एक निर्माणाधीन स्टील प्लांट की चिमनी गिरने से भी कई मजदूरों की जान जा चुकी है। अब एनटीपीसी जैसे देश के बड़े और जिम्मेदार ऊर्जा संस्थान में इस तरह की दुर्घटना होना चिंता का विषय बन गया है। प्रबंधन और पुलिस दोनों ने जांच शुरू कर दी है।

### पांढुर्ना, मऊगंज में जिला भाजपा कार्यालयों के लिए मिलेगी जमीन, राज्य मंत्रिमंडल ने दी प्रस्तावों को मंजूरी, पीएमयू सेल गठित

# जबलपुर में बनेगा 100 बिस्तर का कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, सरकार देगी जमीन

## *मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक*

विशेष प्रतिनिधि ⏩ भोपाल

राज्य सरकार ने जबलपुर के रांझी तहसील में 100 बिस्तर वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल के लिए पांच एकड़ जमीन देने का निर्णय लिया है। इसके साथ प्रदेश के नवगठित जिलों मऊगंज और पांढुर्ना में भाजपा कार्यालय बनाए जाने के लिए भी जमीन देने का फैसला किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में मुरैना में 600 मेगावाट बिजली उत्पादन व भंडारण के मामले में सरकार की ओर से गारंटी दिए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।



### अधोसंरचना विकास के चौथे चरण को मंजूरी

विधानसभा परिसर में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सात पुलिस कर्मचारियों और पेंशन संबंधी मामलों पर भी चर्चा के बाद उस पर प्रस्ताव के मुताबिक मंजूरी देने का फैसला लिया गया। इसके साथ बैठक में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण को मंजूरी दी गई है। साथ ही सहकारिता आयुक्त और पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल में पीएमयू सेल के गठन को लेकर चर्चा के बाद मंजूरी दी गई।

## प्रदेश में चलेगा सोलर पंप स्थापित करने का सघन अभियान: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में किसानों के खेतों पर कुसुम योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों का किसानों को लाभ दिलवाते हुए सोलर पंप स्थापना में पूर्ण सहयोग किया जाए। इसके लिए नवकरणीय ऊर्जा विभाग और सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय से कार्य कर लक्ष्य पूर्ण करें। डॉ. यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री राकेश शुक्ला की उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस वर्ष सोलर पंप स्थापित करने का अभियान प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य की प्रगति की मुख्यमंत्री ने विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

### प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे 10 लाख सोलर पंप

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में आगामी वर्ष तक 10 लाख सोलर पंप स्थापित किए जाएंगे। चरणबद्ध रूप से यह कार्य किया जा रहा है। किसानों को खेतों में सोलर पंप की स्थापना से जहां सामान्य बिजली के उपयोग पर होने वाले अत्यधिक व्यय से मुक्ति मिलेगी वहीं इस नवाचार से अन्य किसान भी प्रेरित होंगे। यह कार्य प्रदेश में गति प्राप्त करेगा। इसके लिए किसानों में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी किए जाएंगे। आने वाले समय में यह भी संभव होगा कि किसान उत्पादित ऊर्जा का विक्रय कर सकेंगे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## फूड प्रोसेसिंग में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर मध्य प्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाकर स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसी लक्ष्य की पूर्ति और प्रदेश के विकास के लिए राज्य सरकार ने सभी क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किए हैं। प्रदेश के औद्योगिकीकरण में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य की कृषि उत्पादकता अच्छी है और अब हम फूड प्रोसेसिंग में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर हैं। मंगलवार को राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्था में 'समृद्ध एफपीओ-आत्मनिर्भर किसान-विकसित भारत' संकल्प के अंतर्गत एफपीओ फेडरेशन मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'एफपीओ डायरेक्टर समिट-2025' को संबोधित कर रहे थे।



### *फूड प्रोसेसिंग 5 से बढ़ाकर 95 प्रतिशत करने का लक्ष्य*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने फूड प्रोसेसिंग को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 95 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों को फूड प्रोसेसिंग से जोड़ा जा रहा है। मालवा अंचल में आलू चिप्स निर्माण के लिए बड़ा उद्योग स्थापित किया जा रहा है। औद्योगिकरण में एफपीओ की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।*

# सड़क पर छात्र, हाथ में खाली थालियां
# अधीक्षक की लापरवाही के खिलाफ फूटा आक्रोश

जिला मुख्यालय स्थित सीनियर बालक छात्रावास के छात्रों ने मंगलवार को चंद्र विजय महाविद्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए अनोखा तरीका अपनाया। छात्रों ने खराब गुणवत्ता वाले भोजन के विरोध में खाली थालियाँ हाथ में लेकर धरना दिया और छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी ।

छात्रों का आरोप है कि उन्हें बीते कई महीनों से निम्न स्तर का भोजन दिया जा रहा हैए जिससे उनकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। छात्रावास में साफ.सफाईए पेयजलए बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी भारी कमी है।

छात्रों ने बताया कि उन्होंने कई बार इसकी शिकायत कीए लेकिन अधीक्षक ने कोई ध्यान नहीं दिया और न ही विभागीय अधिकारियों की ओर से कोई सुनवाई हुई। इससे परेशान होकर उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ा।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी बीण्डीण सोनी मौके पर पहुंचे और छात्रों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही जांच कर अधीक्षक को हटाया जाएगा और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा।

एक बार फिर छात्रावासों की बदहाल व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि छात्रों को मिला आश्वासन कितनी जल्दी हकीकत बनता हैए या यह मामला भी सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पंचायत उन्नति सूचकांक का डिण्डौरी में हुआ विमोचन, सारस डोली बनी नंबर वन पंचायत



**डिण्डौरी।** जिला पंचायत सभाकक्ष डिण्डौरी में मंगलवार को पंचायत उन्नति सूचकांक का भव्य विमोचन एवं प्रचार.प्रसार हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते ने की। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन के साथ हुईए जिसमें अध्यक्षए उपाध्यक्ष एवं सरपंचों ने सहभागिता की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौरए उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहारए सदस्य प्रीतम सिंहए हीरा परस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिले की ग्राम पंचायतों का च्ए के 9 प्रमुख विषयों के आधार पर मूल्यांकन कर चयन किया गया। सारसडोली ग्राम पंचायत ;जनपद मेंहदवानीद्ध को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रयपुरा पंचायत ;जनपद शहपुराद्ध को द्वितीय एवं कनेरी पंचायत ;जनपद मेंहदवानी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 7 अन्य पंचायतों को नगद और प्रशस्ति पत्र दिए गए। कुल 10 पंचायतों को नगद पुरस्कार और 10 को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारीए पुरस्कृत पंचायतों के सरपंचए सचिवए रोजगार सहायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थानए जबलपुर से आए नीलेश राय द्वारा किया गयाए जबकि संचालन राष्ट्रीय ग्राम स्वराज मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक ईश्वर प्रसाद साहू ने संभाला। जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि डिंडौरी को राज्य में प्रथम स्थान दिलाना हमारा सामूहिक लक्ष्य होना चाहिए।

### अतिक्रमण पर नगर परिषद और पुलिस ने दिखाई सख्ती

**अमरकंटक।** नगर परिषद अमरकंटक एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अमरकंटक क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावशाली कार्रवाई की। इस मुहिम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते एवं अतिक्रमण प्रभारी द्वारा पुलिस बल के सहयोग से वार्ड क्रमांक 8 में दस स्थलों को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाया गया। प्रशासन का यह स्पष्ट संदेश है कि अमरकंटक को अतिक्रमण से मुक्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर परिषद और पुलिस की संयुक्त टीमें भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे अभियान चलाकर अवैध निर्माणों और अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करती रहेगी।

### 31 नशेड़ी वाहन चालकों पर प्रकरण दर्ज, जुर्माना

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान' के निर्देशन में हाईवे चौकी अनूपपुर द्वारा '07 जुलाई से 06 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 31 चालकों के विरुद्ध' कठोर कानूनी कार्यवाही की गई। सभी प्रकरणों में चालकों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां 3,25,000 (तीन लाख पच्चीस हजार रुपये) का जुर्माना' आरोपित किया गया है। साथ ही, सभी दोषी चालकों के 'ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।



## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शहपुरा.माडल और मानिकपुर मंडल की संयुक्त बैठक संपन्न

**शहपुरा।** भारतीय जनता पार्टी शहपुरा मंडल कार्यालय में आज शहपुरा मंडल और मानिकपुर मंडल की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्हर घर तिरंगा दृ घर.घर तिरंगाश् अभियान को लेकर रणनीति बनाई गई। यह तय किया गया कि आगामी 12 अगस्त 2025 को दोनों मंडलों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान लोगों को अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगाए जिससे राष्ट्रीय भावना को और मजबूती मिल सके। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठीए वरिष्ठ नेता मनोहर सोनीए विष्णु अवधियाए अरुण अग्रवालए जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मोए श्वेता जैनए शहपुरा मंडल अध्यक्ष भजनलाल चक्रवर्तीए मानिकपुर मंडल अध्यक्ष गोलू हीरेंद्र मरावीएमहामंत्री राजेन्द्र तिवारीए दिलीप झारियाए नितिन गुप्ताए सहित दोनों मंडलों के भाजपा पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस अभियान को जन.जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि श्हर घर तिरंगाश् न केवल एक अभियान हैए बल्कि देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को उजागर करने का एक माध्यम है। बैठक के दौरान अभियान की रूपरेखाए प्रचार.प्रसारए झंडा वितरण और रूट प्लान पर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि इस अभियान को हर गांवए मोहल्ले और घर तक पहुँचाया जाएगाए ताकि आज़ादी के पर्व को हर नागरिक हर्ष और उल्लास के साथ मना सके। कार्यकर्ताओं की उत्साही भागीदारी और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत माहौल ने बैठक को सफल एवं सार्थक बनाया।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्यवाही: डिंडोरी और शहपुरा में फलों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच



**डिंडौरी।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा डिंडोरी एवं शाहपुरा क्षेत्र में संचालित फलों के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सघन निरीक्षण एवं जांच की कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में की गईए जिसमें विशेष रूप से फलों को पकाने में उपयोग किए जाने वाले रिपेनिंग एजेंट्स एवं कैल्शियम कार्बाइड की जांच के निर्देश शामिल है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रभा सिंह तेकाम ने जानकारी दी कि डिंडोरी में संचालित सिंह वाहिनी बनाना रिपेनिंग चैंबरए गुप्ता फ्रूट्स सेंटरए मां नर्मदा फ्रूट्स सेंटरए भोला फ्रूट्स सेंटरए अग्रवाल फ्रूट सेंटरए तथा शाहपुरा स्थित ओम फ्रूट सेंटर और शिवांशु फूड सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान में प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग नहीं पाया गया। सभी प्रतिष्ठानों में फलों को पकाने के लिए एफएसएसएआई द्वारा अनुमोदित एथिलीन गैस और पाउच का ही उपयोग करते पाया गया। श्रीमती तेकाम ने बताया कि भारत सरकार के एफएसएसएआई ने कैल्शियम कार्बाइड जैसे हानिकारक एजेंट के स्थान पर एथिलीन गैस को एक सुरक्षित विकल्प के रूप में मान्यता दी है। कलेक्टर के निर्देशन मेंए शहपुरा स्थित काठमांडू मोमोज सेंटर से मोमोज एवं मसालों के नमूने तथा राम भोजनालय से पनीर का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। खाद्य सुरक्षा प्रशासन डिंडोरी द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि विशेषकर वर्षा ऋतु में बाहर के भोजन से यथासंभव बचें। साफ.सुथरे और स्वच्छ परिस्थितियों में बने खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें। खुले मेंए गंदगी युक्त या अस्वच्छ वातावरण में बने भोज्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। सतर्क रहेंए सुरक्षित रहेंए स्वच्छ भोजन अपनाएं।

## स्थानांतरण के बाद भी पदभार न संभालने वालों पर सख्त रवैया
# कलेक्टर ने दिया दो दिन का अल्टीमेटम

डिंडौरी।



जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विकासखंडों के बीईओ और छात्रावास अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि स्थानांतरित शिक्षक और छात्रावास अधीक्षक दो दिवस में पदभार ग्रहण करेंए अन्यथा कार्रवाई तय है। कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों स्थानांतरण प्रभार ग्रहण और स्कूल.छात्रावास संचालन पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में समनापुरए बजाग करंजियाए मेंहदवानी डिंडौरी अमरपुर और शहपुरा के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से क्रमवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि जिन अधिकारियों या कर्मचारियों ने स्थानांतरण के बाद भी पदभार ग्रहण नहीं किया हैए उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी और इसके लिए संबंधित शिक्षक व अधीक्षक स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि दो दिवस के भीतर सभी स्थानांतरित अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित संस्था में पदभार ग्रहण करेंए अन्यथा संबंधित बीईओ और दोषी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### मेहंदवानी बीईओ पर कारण बताओ नोटिस

बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मेहंदवानी की अनुपस्थिति और जानकारी न देने पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी सहायक आयुक्त ;जनजातीय कार्य विभागद्ध एवं डिप्टी कलेक्टरए डिंडौरी द्वारा पदभार ग्रहण के लिए लिखित निर्देश दिए जा चुके हैं। वहीं बैठक में डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिकए सहायक आयुक्त राजेन्द्र कुमार जाटवए बीईओ राजेश मरकामए मनमोहन महोबियाए प्रशांत दुबेए अनिरूद्ध पांडे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 21वीं सदी के जीवन कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बनेंगे विद्यार्थी
## सक्षम जीवन कौशल शिक्षक प्रशिक्षण का सफल आयोजन

डिंडौरी।



जनजातीय कार्य विभाग डिंडोरी के मार्गदर्शन व निर्देशन में सक्षम कार्यक्रम के अन्तर्गत अमरपुर ब्लॉक में शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन आज समाप्त हुआए जिसमें प्रशिक्षण में विकास खंड के माध्यमिक विद्यालय शिक्षकए संदीपनी विद्यालय शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। सक्षम जीवन कौशल शिक्षक प्रशिक्षण का निरीक्षण विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अमरपुर सुवेश दुबेए बीण्एण्सी देवेन्द्र दीक्षितए संदीपनी विद्यालय प्राचार्य प्रदीप कुमार एवं अन्य बीएसीए सीएसी द्वारा किया गया। सुवेश दुबे ने सक्षम कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया और बेहतर गुणवत्ता के साथ सक्षम जीवन कौशल सत्र संचालित एवं सत्र की रिपोर्टिंग के साथ.साथ सक्षम कार्यक्रम के सभी बिंदुओं को स्कूल स्तर पर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश प्रदान किए। शिक्षक प्रशिक्षण आयोजन में मास्टर ट्रेनर्स मनीष कुमार बछलहाए राजकुमार दांगीए अमित कुंजाम व रोशनी मेहरा ने जीवन कौशल शिक्षा के महत्व और प्रशिक्षण के उद्देश्य पर चर्चा की जिसमें वर्ष 1 और 2 जीवन कौशल मॉड्यूल पर चर्चा की गईए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा डेमो सत्र आयोजित कर वास्तविक शिक्षण विधियों का प्रदर्शन किया गया। जेंडर ट्रांसफॉर्मेटिव दृष्टिकोण पर विचार विमर्श किया गया और इसे शिक्षण में एकीकृत करने के तरीकों पर चर्चा की गई। बच्चों की सुरक्षा हेतु बाल संरक्षण नीतियोंए शिक्षक की जिम्मेदारियों पर चर्चाए इस अवसर पर ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक नीरज तिवारी ने सक्षम कार्यक्रम के पूर्व वर्षों की उपलब्धियों और अनुभवों का विश्लेषण भी प्रस्तुत किया। सक्षम कंपोनेंट्स पर चर्चा की गई जिसमें मेरी सीख दीवारए स्टडी कॉर्नरए वॉल पेंटिंगए बीएमसीए चाइल्ड कैबिनेट और एसएमसी की भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों पर चर्चा की गई। सेशन रिपोर्टिंग और एलएमएस प्रणालीए मैजिकमित्र चैटबोट पर जानकारी साझा की गई और एमआईएस प्लेटफॉर्म के उपयोग पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही चाइल्ड प्रोटेक्शन एंड सेफगार्डिंग पर विशेष चर्चा की गईए जिसमें बच्चों की सुरक्षाए बाल संरक्षण नीतियों और शिक्षक की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई।

## डिंडौरी और शहपुरा निकायों ने समग्र अभियान में रचा कीर्तिमान, जिले ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

डिंडौरी



शहपुरा द्य मध्य प्रदेश सरकार के समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के तहत संचालित समग्र म.ज्ञल्ब अभियान में डिंडौरी और शहपुरा के नगरीय एवं जनपद निकायों ने राज्य स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है।

नगर परिषद शहपुरा ने दिनांक 06 अगस्त 2025 तक 89ण्54 प्रतिशत म.ज्ञल्ब प्रक्रिया पूर्ण कर एक नई मिसाल कायम की है। वहीं नगर परिषद डिंडौरी भी 84ण्01 प्रतिशत की प्रगति के साथ पीछे नहीं रही। जनपद पंचायत शहपुरा ने 84ण्61 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की हैए जो ग्रामीण क्षेत्र में अत्यंत प्रभावी कार्यप्रणाली को दर्शाता है।

**उद्देश्यरू योजनाओं का सीधा लाभ सुनिश्चित करना–** इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रत्येक नागरिक की समग्र आईडी को आधार नंबर से जोड़ना हैए जिससे पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का सीधाए पारदर्शी एवं समयबद्ध लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

**'जन.जागरूकता और तकनीकी दक्षता बनी सफलता की आधारशिला'** – डिंडौरी और शहपुरा निकायों ने न केवल तकनीकी दक्षता के साथ तेजी से कार्य कियाए बल्कि नागरिकों को जागरूक करने एवं प्रक्रिया को सरल बनाने में भी अग्रणी भूमिका निभाई। समग्र पोर्टल के माध्यम से नागरिकों ने अपने आधार नंबर की पुष्टि व्ज्च् अथवा बायोमेट्रिक सत्यापन द्वारा की।

ग्राम पंचायतों और नगरीय वार्डों में विशेष शिविर आयोजित कर घर.घर जाकर म.ज्ञल्ब का कार्य संपन्न किया गया। इस अभियान में स्थानीय प्रशासनए फील्ड स्टाफए जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के बेहतर समन्वय ने अभियान को गति दी।

**'प्रदेश के अन्य निकायों के लिए प्रेरणास्त्रोत'** – यह उपलब्धि न केवल डिंडौरी और शहपुरा के प्रशासनिक समर्पण को दर्शाती हैए बल्कि यह प्रदेश के अन्य निकायों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत है। समग्र अभियान के अंतर्गत यह सफलता सरकार की जनहितैषी नीतियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने निकाली कलश यात्रा

**डिंडौरी ।** पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय संगठन सचिव सह जिलाध्यक्ष राम गोपाल तिवारी संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण अवस्थी वरिष्ठ सलाहकार मथुरा प्रसाद धुर्वेए प्रीतम प्रसाद शुक्लाएश्री पीताम्बर झा तथा महिला प्रकोष्ठ प्रांतीय प्रतिनिधि श्रीमति सी बी उरैतीए महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमति कुंवरिया मरावी तथा कार्य कारी जिलाध्यक्ष श्रीमति उदय वती धुर्वे तेकाम के अनुसार जिला शाखा द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 6 अगस्त को बाजे गाजे के साथ नर्मदा मंदिर डेम घाट से राम मंदिर होते हुए सिविल लाइन स्थित त्र्यंबकेश्वर शिव मंदिर पहुंच कर कलश के जल से भोले बाबा का अभिषेक के उपरांत वरिष्ठ साथियों द्वारा भोले बाबा के सामने ज्ञापन का वाचन करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधियाए महामंत्री राम मूरत सिंह ठाकुरए जिला कोषाध्यक्ष राज नारायण दीक्षित जिला उपाध्यक्ष श्रीमती भागवती मरकामए श्रीमती कीर्ति कछवाहाए श्रीमती नीता चनपुरियाएसचिव संदीप चौरसियाएतहसील अध्यक्ष सुरेंद्र महदेलए ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर सचिव सीता राम पाण्डेय के अनुसार जिला शाखा द्वारा प्रस्तावित पेंशनरों की कलशयात्रा में जिला मुख्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी दम्पति के साथ पीली वेशभूषा में तथा शेष उपस्थित साथी भी एक सी वेशभूषा में जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी सभी लोगों ने नर्मदा मंदिर डेम घाट से राम मंदिर होते हुए सिविल लाइन स्थित त्र्यंबकेश्वर शिव मंदिर पहुंच कर जलाभिषेक किया तथा भोले बाबा के कीर्तन भी गाए। प्रांतीय निकाय द्वारा विधायकध्सांसद के माध्यम से ज्ञापन सौंपने की तिथि में परिवर्तन करने के कारण अब विधायक महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री महोदय को 11 अगस्त तथा सांसद महोदय के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री महोदय को 25 अगस्त को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमति नरबदिया मरकाम की उल्लेखनीय उपस्थिति के साथ ही पदाधिकारी पवन मरावी सपत्नीकए छोटे लाल शर्माए हीरालाल गायकवाड़ के साथ ही शाहपुर निवासी श्री प्रजापति की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## भाजपा मंडल मेंहदवानी में तिरंगा यात्रा हेतु मंडल कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

भारतीय जनता पार्टी मंडल मेहदवानी में प्रदेश नेतृत्व अनुसार तिरंगा यात्रा मंडल मेहदवानी में आगामी 13अगस्त 2025 को मंडल मेहदवानी के शक्तिकेन्द्र कनेरी के बूथ मनेरी से प्रारंभ होकर मंडल सक्का के बूथ राई तक मोटरसाइकिल के माध्यम से यात्रा निकाला जाएगा इस हेतु मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया उक्त कार्यशाला में जिलाउपाध्यक्ष बद्री साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष दुर्गेश साहू, मंडल अध्यक्ष सुदामा बर्मन, जिला महामंत्री अनु, जन,जाति मोर्चा जहर सिंह मरकाम,पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र साहू,मंडल महामंत्री रामस्वरूप साहू, शम्भू बरकड़े, मंडल उपाध्यक्ष दद्दू दास, महासिंह उद्दे, फूलदास वैरागी, बैजंती परस्ते,शैलेंद्र कुलस्ते, मंडल मंत्री मातु सिंह मरावी, रामचरन विश्वकर्मा, मंडल मीडिया प्रभारी सन्दीप रजक, बुद्धदेव साहू, अरविन्द मानिकपुरी, सुदामा साहू, राजू साहू, पूरन लाल धुर्वे, शत्रुघन तेकाम,गुलाब भवेदी , गुलाब सरपंच मटियारी, पहल सिंह सरपंच सूरजपुरा, अम्मू दास जी,जगदीश मसराम सरपंच डोकरघाट, देवी साहू, मूलचन्द उरवे, सेवक लाल यादव, काशीराम मरावी, महेश सिंह परस्ते, कैलाश दास सोनवानी,दशरथ दास पनारिया, विजय सिंह धुर्वे, दशरथ सिंह पन्द्राम, दादू लाल उरवे एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### जगह जगह भगवान भोलेनाथ का हो रहा अभिषेक



तेंदूखेड़ा। पावन श्रावण मास में जगह जगह धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। वहीं शिवालयों में शिवाभिषेक पूजन अर्चन पूरे मास से जारी है। भगवान शिव का प्रतिदिन मिट्टी का स्वरूप बनाकर शिवाभिषेक पूजन अर्चन चल रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहें हैं।नगर में प्रतिदिन श्याम पुरी गोस्वामी सर्रा वालों के द्वारा शिवाभिषेक पूजन के उपरांत भगवान भोलेनाथ को पूण्य सलिला मां नर्मदा में विसर्जित किया जा रहा है।

### बरसाती नाले के गड्ढे में मासूम बालिका डूबी, हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले के स्टेशनगंज थाना अंतर्गत बैहरपौड़ी गांव में दर्दनाक हादसा हो गया जहां पर डेढ़ वर्ष की मासूम बालिका एक बरसाती नाले के गड्ढे में गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हर्रई थाना क्षेत्र के गौरपानी निवासी विजय बरकड़े अपने परिवार के साथ मजदूरी से कृषि कार्य करने बैहरपौड़ी गांव आये हुए थे। तभी खेत के पास बने बरसाती नाले के गढ्ढे में खेलते हुए उनकी डेढ़ वर्षीय मासूम बेटी साक्षी बरकड़े गड्ढे में गिर गयी। परिजनों द्वारा गढ्ढे से बच्ची को बाहर निकाला गया और उपचार के लिए नरसिंहपुर जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं आज अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

### जूडो कोच व ए ग्रेड निर्णायक अशोक नामदेव निर्णायक के रूप में नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा एशियन केडिट जूडो चेम्पियनशिप व एशियन यूथ चेम्पियनशिप 2025 हेतु साईं एन सी ओ ई भोपाल में 7 अगस्त से 10 अगस्त तक इंडियन जूडो टीम हेतु ओपन सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है, इस चयन ट्रायल हेतु जिले के जूडो कोच व ए ग्रेड निर्णायक अशोक नामदेव को निर्णायक के रूप में नियुक्त किया गया है, अशोक नामदेव इससे पूर्व भी इंडियन टीम चयन स्पर्द्धा के साथ नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया इन्वरसिटी गेम्स, सब जूनियर, केडिट,जूनियर, सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के साथ ही स्कूल गेम्स फेडरेशन व आल इंडिया इंटर इन्वरसिटी टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं, सदस्यों, खिलाड़ियों व खेलजनों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही हैं।

### श्रीमती विधी झारिया अपाक्स जिला अध्यक्ष नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** म. प्र. अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन (अपाक्स) द्वारा श्रीमती विधी झारिया सहायक ग्रेड 3 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को अपाक्स संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी इस नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों द्वारा बधाई प्रेषित की है।



#### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# मुशरान पार्क से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं नरसिंहपुर विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे लाखन सिंह पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं किसानों ने ड्रग्स एवं अन्य घातक मादक पदार्थ के बढ़ते अवैध कारोबार एवं किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकाल कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। मुशरान पार्क पर एकत्रित हुए लोगों को संबोधित करते हुए अनेक वक्ताओं ने कहा कि पूरे प्रदेश के साथ नरसिंहपुर जिले में भी नशे का कारोबार बढ़ रहा है। जिसके खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए। वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल ने आरोप लगाया कि भोपाल में ड्रग्स माफिया यासीन अहमद मछली और उसके चाचा का संबंध नरसिंहपुर के जिम्मेदार भाजपा नेता से है। जिसकी फोटो वीडियो सोशल मीडिया में प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल एवं पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल के साथ बड़ी संख्या में वायलर हो रही हैं । भाजपा नेताओं का ड्रग्स कारोबारी को संरक्षण रहा जिसकी सूक्ष्म जांच होना चाहिए और नरसिंहपुर जिले में नशे का कारोबार भाजपा नेताओं एवं शासन प्रशासन के संरक्षण में फल फूल रहा है। श्री पटेल ने बताया कि ग्रीष्मकालीन फसल मूंग की तुलाई विलम्ब से की गई थी जिसके कारण किसानों का पंजीयन समय पर नहीं हो पाया था, जैसे तैसे पंजीयन हुआ तो किसानों के स्लॉट बुकिंग नहीं हो पाई है जिसके कारण बहुत से किसान अपनी मूंग की फसल का उपार्जन करने से वंचित हो रहे है। इस कारण मूंग तुलाई हेतु अतिरिक्त समय प्रदान करते हुए मूंग तुलाई की अवधि बढ़ाया जाना आवश्यक है। किसानों को खरीफ 2025 (बारिश) की मक्का एवं उड़द की फसलों हेतु यूरिया एवं डी.ए.पी. की उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जिससे किसानों में असंतोष व्याप्त है जबकि कृषि विभाग को फसल के अनुपात के अनुसार यूरिया एवं डी.ए.पी. की आपूर्ति कराया जाना थी लेकिन अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही के कारण यूरिया एवं डी.ए.पी. न मिलने से फसल का नुकसान हो रहा है। यूरिया एवं डी.ए.पी. की कुछ लोगों द्वारा कालाबाजारी की जा रही है। वर्तमान में वर्षाकाल चल रहा है और विगत दिनों हुई अतिवर्षा के जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं जिससे रहवासी मकानों एवं फसलो की क्षति हुई है जिसकी जांच कराकर फसल एवं मकानों का मुआवजा प्रदान किया जावे।
साथ ही किसानों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिससे रात में लाईट न मिलने के कारण मच्छरों के काटने से मलेरिया एवं डेंगू जैसी महामारी फैलने की संभावना है। उक्त मौके पर तरवार सिंह पटेल ,अरविंद पटेल, ऋषिराज पटेल ,कुमेर पटेल ,ठाकुर कपिल सिंह, धनीराम पटेल, कंछेदी पटेल, रामरतन सिंह, विशाल ठाकुर ,लोकेश पटेल, सौरभ रिझारिया ,रफीक खान ,राजा ठाकुर ,बब्लू चैरसिया विनोद पाली के अलावा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद थे।





## राजस्व अधिकारियों के कार्य विभाजन के विरोध के चलते तहसीलदारों का कलेक्ट्रेट परिसर में धरना



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ ने न्यायिक और गैर-न्यायिक विभाजन योजना के खिलाफ एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। संघ ने मुख्य सचिव को भेजे ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि आज 6 अगस्त से प्रदेशभर के राजस्व अधिकारी आपदा प्रबंधन को छोड़कर अन्य सभी कार्यों से विरत रहेंगे। नरसिंहपुर जिले में आज से डेढ़ दर्जन से अधिक तहसीलदारों ने कलेक्टर परिसर में धरना देकर विरोध जताया। संघ का कहना है कि शासन द्वारा पूर्व में दिए गए मौखिक आश्वासन के तहत यह योजना मात्र 12 जिलों में पायलट रूप में लागू की जानी थी। राजस्व न्यायालयों का विलय नहीं किया जाना था, लेकिन इसके विपरीत 9 अन्य जिलों में भी योजना लागू कर दी गई। न्यायालयों को मर्ज कर दिया गया और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को आवश्यक संसाधन भी नहीं दिए गए। इससे आहत होकर संघ ने पुनः विरोध शुरू करने का निर्णय लिया है। 3 अगस्त को हुई प्रदेश स्तरीय आपात बैठक में 45 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी अधिकारी शासकीय कार्यों से विरत रहेंगे, लेकिन कोई भी सामूहिक अवकाश या हड़ताल नहीं ली जाएगी। सभी अधिकारी जिला मुख्यालयों पर उपस्थित रहेंगे। वे शासकीय वाहन और डिजिटल सिग्नेचर जमा करेंगे और शाम 6 बजे उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर करेंगे। संघ ने शासन से मांग की है कि कार्यपालिक दंडाधिकारी की शक्तियां या तो पुलिस विभाग या सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपी जाएं। इससे राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्य राजस्व प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि परिवीक्षाधीन अधिकारी इस आंदोलन से अलग रहेंगे। वे अपने प्रशिक्षण व दायित्वों का पालन करते रहेंगे। संघ ने शासन से इस विभाजनकारी योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है।

# नाबालिग लडकी को शादी का झांसा देकर ले जाने वाले आरोपी को 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** माननीय न्यायालय, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा नाबालिग लडकी को शादी का झासा देकर ले जाने के प्रकरण में आरोपी अभिषेक आ0 हल्के कहार आयु 19 वर्ष, निवासी - ग्राम चोर बरहेटा, थाना डोंरगांव, जिला नरसिंहपुर को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000- रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया। जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभियोक्त्री की मां ने इस आशय की रिपोर्ट लिखाई कि अभियोक्त्री मोहल्ले की अन्य महिला विनीता नौरिया के साथ शाम 04 बजे डमरू घाटी घूमने गई थी। शाम करीब 06 बजे विनीता नौरिया ने घर वापस जाकर अभियोक्त्री की मां को यह बताया कि अभियोक्त्री रायल्टी आफिस के सामने गाडरवारा से बिना बताये कहीं चली गई है तब उसने विनीता के साथ उक्त स्थान एवं उसके आसपास तलाया किया कोई जानकारी नहीं लगी, जिसके आधार पर गुमशुदा व्यक्ति पंजीकरण दर्ज किया गया। उक्त गुमशुदगी रिपोर्ट के आधार पर आरक्षी केंद्र गाडरवारा में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की जाकर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के उपरांत कार्यवाही करते हुए अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोक्त्री ने अपने कथन में यह बताया था कि आरोपी अभिषेक कहार उसे शादी का झासा देकर बहला-फुसला कर लेकर गया था तथा अभियोक्त्री के पिता एवं बुआ के द्वारा भी घटना का समर्थन किया हुआ है।

## नारी सुरक्षा एवं सतर्कता के उपाय

**नरसिंहपुर।** नारी कल्याण संगठन नरसिंहपुर की स्वयंसेवी महिलाओं द्वारा शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्रेरणादायी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सरस्वती वंदना द्वारा ईश आशीर्वाद के पश्चात स्वागत की औपचारिकता सम्पन्न हुई। नारी कल्याण संगठन की सचिव श्रीमती ज्योति चैहान ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए बेटियों को निडर, जागरूक एवं शिक्षित बनने का संदेश दिया। उन्होंने छात्राओं को व्यावहारिक जीवन में सुरक्षा हेतु मार्गदर्शन देते हुए बताया कि कपड़ों में सादगी, मानसिक दृढ़ता और सतर्कता के साथ अपनी सुरक्षा का ध्यान स्वयं रखें, अपनी दिनचर्या अनुशासित रखें, आत्मरक्षा हेतु ताइक्वांडो, कराते या जूडो जैसे प्रशिक्षण लें,और अच्छी शिक्षा ग्रहण कर आत्मनिर्भर बनें। संस्था की सह सचिव श्रीमती साधना जायसवाल द्वारा मुख्य वक्ता श्रीमती मंजुला राव का संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत दिया गया, जिससे छात्राओं को प्रेरणा मिली कि कैसे एक नारी समाज में अपनी अलग पहचान बना सकती है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मंजुला राव रहीं, जिन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नारी सुरक्षा सिर्फ सामाजिक विषय नहीं, बल्कि व्यक्तिगत चेतना और सामूहिक जिम्मेदारी का विषय है। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कृष्णा शर्मा अपने ऊर्जावान उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी शक्ति को पहचाने, बेकार के आकर्षण में समय व्यर्थ ना गवाएं । आत्मसम्मान और आत्मबल ही स्वयं की सबसे बड़ी सुरक्षा है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया और नारी सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को गंभीरता से समझा। छात्राओं ने अपने प्रश्न रखकर अपनी उत्सुकता जाहिर की और छात्राओं ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं सतर्क रहेंगी, बल्कि समाज में नारी सम्मान और जागरूकता की अलख भी जगाएँगी।

## लज्जा भंग करने वाले आरोपी को 1 वर्ष कारावास की सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** माननीय न्यायालय, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा नाबालिग की लज्जा भंग करने के प्रकरण में आरोपी दिलीप ठाकुर आ0 महेश ठाकुर (गौड) आयु 18 वर्ष, निवासी - ग्राम मोहपानी, थाना चीचली, जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500- रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया।जिला अभियोजन मीडिया प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभियोक्त्री के दादा-दादी मजदूरी करने गये थे, तब घर पर अभियोक्त्री, उसके छोटे भाई थे और अभियोक्त्री घर में सो रही थी, उसी समय अभियुक्त उसके घर आया और अभियोक्त्री का बुरी नियत से बांया हाथ पकडकर उठाया और गंदी-गंदी गालिया देने लगा, तो अभियोक्त्री ने चिल्लाया तब उसकी आवाज सुनकर अभियोक्त्री का छोटा भाई पहुंच गया और उसने गांव से अपनी दादी को बुलाकर लाया, जिसे देखकर आरोपी घर से चला गया। शाम को अभियोक्त्री के दादी जी घर आये तब उन्हे सारी बात बतायी उसके बाद रिपोर्ट करने थाना आये थे।

# सत्संग वही जो जीवन को बदल दे- शंकराचार्य



### श्री शंकराचार्य सत्संग पंडाल का स्वामी सदानंद ने किया भव्य शुभारंभ

**गोटेगांव।** विगतदिवस झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम आयोजित चातुर्मास कथा में जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर, परम पूज्य स्वामी सदानंद सरस्वतीजी महाराज के करकमलों से श्री शंकराचार्य सत्संग पंडाल का विधिवत शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार व पादुका पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर बड़ीसंख्या में संत-महात्मा ब्रह्मचारीगण, श्रद्धालुजन और सनातन धर्म के अनुयायी उपस्थित रहे। पूरा वातावरण वेदध्वनि और आध्यात्मिक ऊर्जा से आप्लावित रहा।

**सत्संग की महिमा पर मार्मिक कथाः 'तोता साधु और तोता डाकू'**

अपने प्रवचन में पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज ने संगति के प्रभाव को उजागर करते हुए तोता साधु और तोता डाकू की ज्ञानवर्धक कथा सुनाई ₹एक ही घोंसले में जन्मे दो तोते — एक सत्संग में रहा, दूसरा दुष्संग में। पहला अतिथि से बोला सवागतम्! बैठिए दूसरा बोला मारो लूटो!' यही संगति का प्रभाव है।

**पूज्य महाराजश्री ने कहाः**

दोनों एक ही माता-पिता की संतान होते हुए भी संगति के कारण जीवन कीदिशा और दृष्टि में फर्क आ गया। यही सत्संग की महिमा है जो मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलता है।

#### सत्संग से आत्मज्ञान तक की यात्रा

अपने संदेश में पूज्य महाराजश्री ने युवाओं को सत्संग से जुड़ने की प्रेरणा देते हुए कहाः "सत्संग से चित्त शुद्ध होता है, मन निर्मलहोता है औरआत्म ज्ञान का प्रकाशजीवन मेंउतरताहै जो कार्य वेद और कठोर तप नहीं कर पाते, वह सच्चे सत्संग से सहज संभव हो जाता है। उन्होंने आगे कहाः आज का युवा यदि सत्संग से जुड़े, तो वह धर्म, विवेक और कर्तव्यबोध से युक्त होकर समाज में प्रकाश फैला सकता है। धार्मिक समर्पण और सामाजिक सहयोग कार्यक्रम में मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति, पूर्व विधायक नरसिंहपुर सुनील जायसवाल एवं गुरु भक्त लक्ष्मीनारायण तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूर्व अध्यक्ष प्रजापति ने जानकारी दी कि राज्यसभा सांसद विवेक तनखा द्वारा 22 लाख रुपये की लागत प्रदत्त की गई है जिससे सत्संग पंडाल की सुविधाएं और सुदृढ़ की जाएंगी। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति ने कहा पूज्य शंकराचार्य जी महाराज हमारे समय के ऐसे संत हैं,जिनकी वाणी में वेद,उपनिषद और राष्ट्रधर्म तीनों साथबोलते हैं।

**श्री शंकराचार्य सत्संग पंडाल न केवल धार्मिक केंद्र है,बल्कि यह संस्कारो का प्रशिक्षण केंद्रबनेगा**

पूर्व विधायक सुनील जायसवाल जी बोलेः ऐसे आयोजनों से समाज को दिशा मिलती है। युवाओं के भटकाव का एकमात्र समाधान सत्संग है हमें गर्व है कि नरसिंहपुर जिले की धरती श्रीधाम के परमहंसी गंगा आश्रम पर शंकराचार्य जी जैसे महापुरुष का मार्गदर्शन मिल रहा है। राज्यसभा सांसद विवेक तनखा द्वारा प्रदत्त सहयोग की जानकारी देते हुए श्री प्रजापति ने बताया 22 लाख रुपये की राशि विवेक तनखा जी ने इस सत्संग परिसर के निर्माण हेतु दी है, जो दर्शाता है कि धर्म और समाज के उत्थान में राजनीति से ऊपर उठकर सहयोग दिया जा सकता है। गुरुभक्त लक्ष्मीनारायण तिवारी जी ने कहा यह स्थान परम पूज्य ब्रह्मलीन शंकराचार्य महाराज की साधना स्थली है एक दिन साधना की राजधानी बनेगा।

#### कार्यक्रम का समापन और भविष्य का आमंत्रण

कार्यक्रम का समापन भजन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। पूज्य महाराजश्री ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे प्रतिदिन श्री शंकराचार्य सत्संग पंडाल में उपस्थित होकर अपने जीवन को धर्ममय और उद्देश्यपूर्ण बनाएं।

## कर्जा चुकाने महिला की चेन छीनी, दो बदमाश गिरफ्तार




**गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिले में लूट की एक वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों ने कर्ज चुकाने के लिए लूटपाट की योजना बनाई थी और बरमान चौकी अंतर्गत मिढ़ली रोड पर एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया था। यह घटना 27 जुलाई की शाम करीब 6 बजे की है, जिसका खुलासा पुलिस ने महज कुछ दिनों में सीसीटीवी और तकनीकी जांच के जरिए किया है।
बरमान चौकी प्रभारी आशीष बोपचे ने बताया कि तेंदूखेड़ा के सगौनी गांव की निवासी आरती कुशवाहा अपने मायके बरमान आई हुई थी और घटना के दिन अपनी मां के साथ पैदल मिढ़ली रोड से घर जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने अचानक उसकी गले की सोने के मंगलसूत्र पर झपट्टा मारकर लूट लिया और फरार हो गए। महिला ने घटना की सूचना तत्काल अपने परिजनों को दी और बरमान चौकी पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई।
जांच के दौरान पुलिस ने बरमान क्षेत्र और हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, साथ ही मुखबिरों और तकनीकी संसाधनों की मदद से आरोपियों तक पहुंचने में सफलता पाई। दोनों आरोपियों की पहचान गोविंद साहू (25 वर्ष) पिता डोरीलाल साहू और विनय ठाकुर (23 वर्ष), निवासी बहोरीपार, थाना स्टेशनगंज के रूप में हुई।
गहन पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अनावश्यक खर्चों की वजह से कर्जदार हो गए थे और करीब 8 से 10 हजार रुपये के कर्ज को चुकाने के लिए लूट की योजना बनाई। जिन्होंने छीना गया मंगलसूत्र का लॉकेट गोटेगांव स्थित मनीष सोनी की दुकान में बेचना बताया। जिस पर से प्रकरण में आरोपी गण के बताए अनुसार गोटेगांव पहुंचकर अलंकार ज्वेलर्स मनीष सोनी पिता पूरनलाल सोनी उम्र 54 वर्ष, निवासी गोटेगांव के पेश करने पर आरोपी गण द्वारा छीना गया मंगलसूत्र का लॉकेट बरामद किया गया एवं प्रकरण में मनीष सोनी को धारा 317 (2) बीनएस के तहत आरोपी बनाया गया प्रकरण के आरोपीगणों को न्यायालय में पेश कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# 2 शातिर आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

### सोने का मंगलसूत्र व एक मोटर साईकिल बरामद

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी कि बरमान-हिरनपुर रोड पर मोटर साईकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके गले से एक सोने का मंगलसूत्र जिसकी कीमत लगभग 70 हजार रूपये है, को लेकर भाग गए है। प्रार्थिया की रिर्पोट पर थाना सुआतला में अपराध क्रमांक 346ध्2025 धारा 304 (2) बीएनएस पंजीवद्ध किया जाकर चैकी बरमान में विवेचना प्रारंभ की गयी।
विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास के सी.सी.टी.वी. फुटेज देखे गए एवं घटनास्थल से लेकर बरमान, लिंगा, करेली और नरसिंहपुर में विभिन्न स्थानों के सी.सी.टी.वी. फुटेज देखे गए। जो सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी की गई। जिस पर आरोपी गोविंद उर्फ गुप्पा पिता डोरी लाल साहू उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम बहोरीपार, थाना स्टेशनगंज एवं विनय ठाकुर पिता सत्यनारायण ठाकुर उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम बहोरीपार, थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर, के रूप में पहचान हुई। जिनकी तलाश पतासाजी कर गिरफ्त में लेकर गहन पूछताछ की गई। जिन्होंने छीना गया मंगलसूत्र का लॉकेट गोटेगांव स्थित मनीष सोनी की दुकान में बेचना बताया। जिस पर से प्रकरण में आरोपी गण के बताए अनुसार गोटेगांव पहुंचकर अलंकार ज्वेलर्स मनीष सोनी पिता पूरनलाल सोनी उम्र 54 वर्ष, निवासी गोटेगांव के पेश करने पर आरोपी गण द्वारा छीना गया मंगलसूत्र का लॉकेट बरामद किया गया एवं प्रकरण में मनीष सोनी को धारा 317 (2) बीनएस के तहत आरोपी बनाया गया प्रकरण के आरोपीगण को गिरफ्तार कर मंगलबार को माननीय न्यायालय पेश किया गया।